9 राज्य, 18 संस्करण रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, इंदौर, भोपाल, सागर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रतलाम, मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, जयपुर,लखनऊ, जालंधर, रांची, कोलकाता से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 4.00
वर्ष-12, अंक 53, पृष्ठ -10
महानगर संस्करण
D-live NewsTV
www.dabangdunia.co.in

दैनिक दबंग दुनिया
रायपुर, मंगलवार, 5 नवंबर 2024
निष्पक्ष नज़र, निष्पक्ष ख़बर
देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अख़बार

अंदर पढ़ें



पेज 07

## सार.समाचार

### उत्तराखंड में बस हादसा, 36 की मौत, 6 घायल



**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार सुबह 8 बजे एक यात्री बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 घायल हैं। हादसा अल्मोड़ा में मार्चुला के पास हुआ। बस में 42 यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। हादसे की वजह का पता नहीं चला है। बस मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर गई। कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बताया, 'बस नदी से करीब 10 फीट पहले पेड़ में फंसकर रुक गई। खाई में गिरने के दौरान झटके से कई यात्री खिड़कियों से बाहर जा गिरे।' बस किनाथ से रामनगर जा रही थी। दिवाली की छुट्टी के बाद सोमवार को पहला वर्किंग डे था। इसलिए बस पूरी भरी हुई थी। ज्यादातर स्थानीय लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि बस गढ़वाल मोटर्स ओनर्स यूनियन लिमिटेड की थी। शुरुआती जांच मे पता चला है कि बस की हालत बेहद खराब थी।

### राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में आज होगा राज्योत्सव के कार्यक्रमों का शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 के अंतर्गत 5 नवम्बर को राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका के दीप प्रज्वलन से होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं टंकराम वर्मा, नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्र कुमार साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 4 नवम्बर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। 6 नवम्बर को राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा।

### राज्योत्सव में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं को लेकर दिखा उत्साह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के मौके पर नवा रायपुर स्थित मेला स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। यहां महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। स्टॉल में महतारी वंदन योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसी महत्वपूर्ण योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना जैसी एक महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जा रही है।

## मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का किया शुभारंभ

# डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तेजी से लेकर जा रही विकास की राह पर : डॉ. मोहन यादव

» मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा विकसित छत्तीसगढ़ के विजन को पूरा करने तैयारी पूरी, प्रधानमंत्री मोदी जी की अधिकांश गारंटी को हमने 10 माह में ही पूरा किया



**दबंग दुनिया • रायपुर**

राज्य स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी योजनाओं और माओवादी आतंक के विरूद्ध संचालित अभियान की सफलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से माओवाद समाप्ति की ओर है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की साझा संस्कृति है साझा विचार है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, यह सम्मान ऐसे ही हासिल नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ के लोग अपनी सहजता-सरलता के लिए, अपने धान के कटोरे के लिए और अपने प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। रायपुर से बस्तर तक विकास का नया आयाम स्थापित हुआ है। यहां डबल इंजन की सरकार बहुत तेजी से विकास की राह पर बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में प्रभु श्रीराम ने अपना बहुत समय गुजारा है। माता शबरी के जूठे बेर खाने वाला प्रसंग भी छत्तीसगढ़ का है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम और भगवान कृष्ण के कारण से हमारा गौरवशाली अतीत बना है, उसे सहेजने के लिए हमारी सरकार काम करेगी। भगवान श्री कृष्ण की भी जिन जगहों पर लीलाएं हुई हैं वहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का काम हम कर रहे हैं। राज्योत्सव का दीपोत्सव के साथ आयोजन हुआ। इससे इस आयोजन की कीर्ति बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां लाडली बहन योजना है आपके यहां महतारी वंदन योजना है। हम सब तेजी से विकास के पथ पर बढ़ते रहेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्योत्सव के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारा सौभाग्य है कि राज्योत्सव के शुभारंभ के लिए मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आये हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत छत्तीसगढ़ के शहीद वीरनारायण सिंह, वीर गुंडाधुर सहित अन्य शहीदों के नमन से की। देश भर में जनजातीय समुदाय के शौर्य के प्रतीक बिरसा मुंडा का भी उन्होंने स्मरण किया। उन्होंने गुरु बाबा घासीदास, मिनी माता और महाराजा चक्रधर सिंह जैसी विभूतियों को भी नमन किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का पुण्य स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम, माता शबरी, मधेश्वर महादेव तपोस्थल में ऋषि अगत्स्य सहित अन्य ऋषियों का भी स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश का प्रेम सगे भाईयों की तरह है। दोनों राज्यों का स्थापना दिवस एक ही दिन है। मैं डॉ. मोहन यादव जी को भी स्थापना दिवस की बधाई देता हूँ और मध्यप्रदेश के भी तीव्र विकास की कामना करता हूँ। छत्तीसगढ़ आज 25 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इन 24 सालों की विकास यात्रा आपने देखी है। डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में विकास हुआ। यहां आईआईटी, आईआईएम, एम्स और लॉ यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान स्थापित हुए। धान खरीदी और पीडीएस की मजबूत व्यवस्था स्थापित हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार को दस महीने हुए हैं। इतने कम समय में ही हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अधिकांश गारंटी को पूरा कर दिया है। चाहे 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वायदा हो या माताओं-बहनों को एक हजार रुपए देने की बात हो, रामलला दर्शन योजना की बात हो, पीएससी परीक्षा की जांच हो। सभी काम दस महीनों में पूरे किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को पूरा करना है। हमने विजन डाक्यूमेंट तैयार किया है और इसके अनुरूप काम करेंगे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। आज राज्य में जो विकास हुआ, वह अटल जी की वजह से हो पाया है। हमारा प्रदेश श्रीराम का ननिहाल है। यह भूमि का टुकड़ा नहीं, इसमें अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अद्भुत काम किया है।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जैसे दीपावली त्यौहार में परिवार के सभी सदस्य एकत्रित होते हैं वैसे ही परिवार के सदस्य और बड़े भाई मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी हमारे साथ खुशियां साझा करने आये हैं। छत्तीसगढ़ का निर्माण लोकतंत्र का सबसे अनूठा, सबसे अनुपम उदाहरण है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के विकास की रफ्तार को तेज गति से बढ़ा रहे हैं। गौ संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक साथ कई बड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया, जिससे प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है।

कार्यक्रम में मंत्री दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, रोहित साहू, अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू, संपत अग्रवाल, अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर माननीय अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## आईजी ने ली बढ़ते अपराध पर आपात बैठक, एएसपी, सीएसपी, टीआई को लगाई फटकार



**दबंग दुनिया • रायपुर**

राजधानी में बढ़ते अपराध और पुलिस की सुस्त कारर्वाई से आईजी अमरेश मिश्रा काफी नाराज है। आईजी ने आज देर शाम एएसपी, सीएसपी और सभी थाना प्रभारी की आपात बैठक ली। इस दौरान आईजी ने एएसपी, सीएसपी और थाना प्रभारियों को जमकर फटकार लगाई। आईजी ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी घटना पर बड़े अधिकारी खुद ही फिल्ड पर निकले, टीआई के भरोसे न रहे। साथ ही पंड़री टीआई मलिका बैनर्जी को निलंबित कर दिया है।

दरअसल, विधानसभा थाने में दर्ज अपराध 304ए, 331(4) बीएनएस दर्ज किया था। इस मामले में पण्डरी में चोरी के आरोपियों से चोरी का माल जब्त किया था। इसकी जानकारी पंडरी थाना के द्वारा न तो विधानसभा थाने को दी गई और न ही इस मामले में कोई कारर्वाई की गई थी। लापरवाही और उदासीनता को देखते हुये आईजी अमरेश मिश्रा ने निरीक्षक मल्लिका बैनजी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

मालूम हो कि दिवाली की रात से रायपुर में अबतक के 7 हत्या की वारदातें हुई है। हत्या की घटनाओं के बीच आज दोपहर को कुछ बदमाशों ने सेंट्र्ल जेल के बाहर दिनदहाड़े एक आदतन बदमाश साहिल के उपर दो राउंड फायरिंग कर दी। इस घटना के बाद आरोपी फरार हो गये। पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में कुछ संदेहियों को भी पकड़ा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। बता दें कि 3 नवम्बर की देर रात भी आईजी अमरेश मिश्रा डीडी नगर थाना और सरस्वती नगर थाना का औचाक निरिक्षण पर निकले थे। इस दौरान डीडी नगर टीआई की कारर्वाई पर नाराजगी जताई और उन्हें फटकार भी लगाई थी।

## मुख्यमंत्री ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद ग्रहण किया



**दबंग दुनिया • रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पं. धीरेंद्र शास्त्री के अपने निवास पहुंचने पर उन्हें शाल- श्रीफल भेंटकर उनका का आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि पं. धीरेंद्र शास्त्री छत्तीसगढ़ के प्रवास पर आए हुए हैं। आज राजधानी रायपुर आने से पहले कल वे कांकेर और कवर्धा के कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के परिवारजन, स्वामी राजीवलोचन जी महाराज और निवास के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### तीजा-पोरा, हरेली, गौरी-गौरा पूजा के साथ ही सुवा-करमा नृत्य की शानदार प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हुए

## छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां

**दबंग दुनिया • रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का भव्य शुभारंभ आज छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से हुआ। नवा रायपुर के राज्योत्सव ग्राउण्ड के मुख्य मंच से छत्तीसगढ़ी कलाकारों के दल ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। तीन दिवसीय राज्योत्सव के आयोजन को लेकर मेला स्थल को शानदार ढंग से सजाया गया है। हजारों की संख्या में लोग यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद और प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे।

राज्योत्सव 2024 का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा सहित अन्य मंत्रिगण, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के शुभारंभ के पूर्व से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का दौर शुरू हो गया। सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार स्व.लक्ष्मण मस्तुरिहा के गीतों की प्रस्तुति ने खूब समां बांधा। रिखी क्षत्रीय की टीम ने छत्तीसगढ़ राज्य में अलग-अलग महीनों में आयोजित होने वाले तीज-त्यौहार एवं लोकपर्व आधारित कार्यक्रमों की संवाद, गीत एवं नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। उनकी टीम ने तीजा-पोरा, जंवारा, हरेली, गौरी-गौरा पूजा के साथ ही सुवा नृत्य एवं करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिखी क्षत्रीय की टीम की सभी प्रस्तुतियों का दशर्कों ने ताली बजाकर सराहा।

इससे पूर्व रजनी रजक की लोकगाथा पर आधारित ढोला-मारू की प्रस्तुति रेवा-पेरवा जादूगरनी की कहानी को गायन विधा में तथा महेन्द्र चौहान एवं साथी द्वारा प्रस्तुत आदिवृंदम एवं चन्द्रभूषण वर्मा की प्रस्तुति को दशर्कों ने खूब सराहा।



# अरसिया में घुसा हाथियों का झुंड, मचाया उत्पात, तोड़ा मकान

**दबंग दुनिया ♦ कोरबा**

जिले में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। कटघोरा वन मंडल के अरसिया गांव में हाथियों का दल घुस आया और जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने एक मकान को भी तोड़ डाला। हाथियों के डर से घर के लोग एक कमरे में दुबके रहे। इस क्षेत्र में वन विभाग का अमला लगातार निगरानी कर रहा है। बता दे कि लगभग 50 हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा है।



दूसरी ओर यह हाथी अब नेशनल हाईवे को भी अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं और हर दूसरे दिन हाईवे को पार करने के दौरान हाईवे की रफ्तार भी प्रभावित हो रही है। हाईवे में हाथियों का झुंड डेरा डाला हुआ है जिसके चलते वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। जिले के जंगलों में हाथी की धमक बनी हुई है। लोगों का सामना हाथियों से हो रहा है। रिश्तेदार को मोरगा में बस पर बैठाकर घर लौट रहे एक ग्रामीण के सामने जंगल में दंतैल हाथी आ गया। गाड़ी की लाइट के उजाले में दंतैल हाथी को देखकर ग्रामीण हड़बड़ा गया और वह बाइक छोड़कर अंधेरे में इधर-उधर छिप गया। युवक की जान बच गई, लेकिन दंतैल हाथी ने बाइक को कई बार पैर से कुचला और उसे काफी नुकसान पहुंचाया। घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। गिद्धमुड़ी पतुरियाडांड में रहने वाला ग्रामीण दोपहिया बाइक लेकर अपने रिश्तेदार को छोड़ने के लिए शाम को मोरगा बस स्टैंड पहुंचा था। देर शाम घर लौट रहा था। इस बीच पतुरियाडांड से जंगल के रास्ते सफर के दौरान युवक का सामना दंतैल हाथी से हुआ। गाड़ी की लाइट को देखकर दंतैल हाथी तेजी से बाइक की ओर बढ़ा। इसे देखकर बाइक चालक डर गया और वह बाइक को छोड़कर पीछे की ओर भागने लगा। दंतैल के हमले से युवक बच गया लेकिन उसकी बाइक को काफी नुकसान पहुंचा। काफी देर तक जंगल में छिपे रहने के बाद ग्रामीण घर पहुंचा। बताया जाता है कि मोरगा क्षेत्र में हाल ही में 11 हाथियों का झुंड सूरजपुर जिले से पहुंचा था। यहां से झुंड वापस लौट रहा था इसी बीच युवक का सामना हो गया।

## बालको वनपरिक्षेत्र के बेला में एक हाथी के विचरण से दहशत

बालको वनपरिक्षेत्र के बेला क्षेत्र में इन दिनों एक हाथी के विचरण की खबर ने हड़कंप मचा दिया है। स्थानीय निवासियों ने हाथी को कई बार क्षेत्र में घूमते देखा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम को इसकी सूचना मिलते ही उन्होंने सतर्कता बढ़ा दी है और हाथी पर नजर रखी जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथी संभवतः भोजन और पानी की तलाश में इस क्षेत्र में आया है। वे लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे हाथी के करीब न जाएं और सावधानी बरतें। इसके साथ ही वन विभाग की टीम हाथी की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है और उसके सुरक्षित मार्ग की योजना तैयार कर रही है ताकि हाथी जंगल की ओर लौट सके। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी के विचरण से उनकी फसलों को नुकसान पहुंचने का खतरा है, और जान-माल की सुरक्षा को लेकर वे चिंतित हैं। वन विभाग ने हाथी को सुरक्षित दूरी से ट्रैक करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए गश्त बढ़ा दी है।

# बिना चढ़ावा काम तो दूर आवेदन तक नहीं लेते हैं तहसीलदार

■ भैसमा तहसीलदार केके लहरे पर लगा गंभीर आरोप, कलेक्टर से की गई शिकायत

**दबंग दुनिया ♦ कोरबा**

भैसमा तहसीलदार केके लहरे के द्वारा रिश्वतखोरी व भ्रष्ट्राचार किया जा रहा है। तहसील कार्यालय में सभी कार्यों पर रिश्वत के बिना कार्य नहीं किया जाता है। चाहे व कार्य आवेदन, स्कूली छात्रों का हो चाहे वह राजस्व या कोई अन्य कार्य बिना रिश्वत के आवेदन स्वीकार नही किया जाता है। उक्त गंभीर आरोप तहसील भैसमा के ग्राम चाकामार निवासी गोविन्द राम ने लगाते हुए मामले की शिकायत कलेक्टर से की है।



कलेक्टर से किए गए शिकायत में कहा गया है कि आवेदक से सीधे तौर पर किसी भी आवेदन को स्वीकार नही किया जाता, कोई न कोई बहाना बना कर वापस कर देते है और आज, आना कल आना कहते है। आवेदन स्वीकार न करने का कारण पूछने पर कहते है, मैं यहां कानून बताने नहीं बैठा हूँ। और कहते है, अधिवक्ता से या कार्यालय सहायक (क्लर्क) से जाकर मिलो। असली बात तो यही होता है। रिश्वत के रकम को व्यक्ति व्यक्ति को देख कर बताया जाता है। जब वह भी भूमि सीमांकन का आवेदन पत्र लेकर गया तो सीमांकन आदेश जारी करने के लिए तहसील में 5000 रुपए की मांग किया गया। तहसीलदार लहरे द्वारा न्यायालय व न्याय व्यवस्था की गरिमा को धूमिल किया जा रहा है। भैसमा तहसील क्षेत्र सर्वोच्च बहुमूल्य आदिवासी क्षेत्र है, यहां के लोग सीधे-साधे व कम पढ़े लिखे है इसका भरपूर फायदा तहसीलदार के द्वारा उठाया जा रहा है। पीड़ित ने तहसीलदार के.के. लहरे पर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है।

# हाईस्कूल मैदान जांजगीर में होगा जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन

**दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 05 नवंबर को जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान जांजगीर में भव्य एवं गरिमामय ढंग से जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, अतिविशिष्ट अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े, विशिष्ट अतिथि जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता यशवंत चन्द्रा, नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर-नैला भगवान दास गढ़ेवाल, नगर पालिका चांपा अध्यक्ष जय थवाईत होंगे। इस अवसर पर लोक झंकार (छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था), लोकरंजनी (लोक कला सांस्कृतिक समिति की प्रस्तुति, विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों की प्रदर्शनी और शालेय छात्र-छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

**जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में आयोजित होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम-** 05 नवम्बर को राज्योत्सव कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इनमें दोपहर 01 बजे से सायं 04 बजे तक शालेय छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सायं 4 बजे मुख्य अतिथि रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत द्वारा राज्योत्सव और विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा। रात्रि 6 बजे लोक झंकार (छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था) खिलेश्वरी साहू गुढ़ियारी रायपुर द्वारा एवं रात्रि 8 बजे से लोकरंजनी (लोक कला सांस्कृतिक समिति की प्रस्तुति) डॉ पुरूषोत्तम चन्द्राकर रायपुर द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं



**दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के आमजनों की शिकायतों, मांग एवं समस्याओं को सुना और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जनदर्शन में तहसील अकलतरा के ग्राम पंचायत भैंसतरा निवासी अंजली वैष्णव द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, तहसील मुख्यालय अकलतरा के शंभू प्रसाद द्वारा बेजा कब्जा हटवाने, तहसील नवागढ़ के ग्राम रोगदा निवासी खीखराम कश्यप द्वारा विकलांग पेंशन की राशि दिलाने, ग्राम सेमरा निवासी जंतराम द्वारा नक्शा का बटाकंन एवं सीमाकंन कराने, तहसील पामगढ़ के ग्राम भवंतरा निवासी लव कुमार साहू द्वारा बैटरी चलित ट्रायसायकल का सुधार कराने या नया बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए।

## ट्रेलर को टीपर ने मारी टक्कर, वाहन के उड़े परखच्चे

**कोरबा।** सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर फर्राटे भर रहे वाहन आपस में टकरा कर दुर्घटना का शिकार हो रहें हैं। सड़क बनने के बाद यहां रफ्तार पर कोई लगाम नहीं है। जिस वजह से आए दिन इस तरह के हादसे देखने को मिल रहे हैं। ताजा घटना बीते रविवार की देर रात की है। बताया जा रहा है कि कुसमुंडा की ओर से कोयला लोड कर ट्रेलर सीजी 10 बी क्यू 0487 सर्वमंगला कावेरी मार्ग पर अपनी साइड में चल रही थी। इस दौरान ट्रेलर जोड़ा पुल के आगे पहुंची ही थी कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार खाली टीपर वाहन उससे जा भिड़ी। इस हादसे में टीपर वाहन के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद ट्रेलर चालक ने वाहन को खड़ा कर दिया। वहीं टीपर की स्थिति को देख कर टीपर चालक की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा की जा रही हैं लगातार कार्यवाही

**दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा**

शराब पीकर वाहन चलाने वाले एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वालो के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।



पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जिला पुलिस यातायात जांजगीर द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 03 नवम्बर 2024 को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में सिलेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना, तेज गति से वाहन चालाने, शराब पीकर वाहन चलाने वालो के विरूद्ध तथा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 82 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर 28,900 रू का समन शुल्क लिया गया है। तथा वाहन चेकिंग के दौरान 04 वाहन चालकों के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने पाए जाने पर वाहनों को जप्त किया जाकर धारा 185 MV ACT के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में वाहन चालकों को समझाईस दी जा रही है।

# दीपका कॉलोनी में उड़ रही धूल से बढ़ी परेशानी, धरना प्रदर्शन

**दबंग दुनिया ♦ कोरबा**

दीपका कॉलोनी क्षेत्र में उड़ रही धूल ने यहां के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। लोगों का बाहर में घूमना तो दूर, सांस लेना मुश्किल हो गया है। इसे लेकर आम लोगों की शिकायत के बाद श्रमिक संगठन एसएमएस के नेता लामबंद हुए और दीपिका श्रमिक चौक में धरने पर बैठ गए। एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में चार बिंदुओं पर सहमति बनी, इसके बाद आंदोलन समाप्त किया गया।

क्षेत्र में शाम होते ही पर्यावरण में घुलती धूल से लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। लोग अपने घरों से मास्क लगाकर निकलते हैं। अधिकारियों ने कन्वेयर बेल्ट और सड़कों से उड़ रहे धूल की रोकथाम को रोकने उचित कदम उठाने की बात कही है। कोल वाशरी से उड़ रही धूल के संबंध में प्रबंधन से चर्चा का उचित प्रबंध करने का आश्वासन दिया है। दीपका प्रबंधन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से डस्ट संप्रेषण के लिए कार्य आवंटित किया गया है लेकिन इस पर निगरानी नहीं होने से समस्या बढ़ रही है।

# पेड़ों की कटाई कर वन भूमि पर किया जा रहा कब्जा

**दबंग दुनिया ♦ कोरबा**

ग्राम चाकामार गोढ़ी अंछीमार दलदली आदि ग्राम वन अंचल क्षेत्र है। वन अंचल होने के कारण वनों का कटाई व वन भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। धीरे-धीरे जंगल साफ होते जा रहा है। वन व जमीन तस्कर वन भूमि पर कब्जा करते जा रहे है। जिससे वन व वन भूमि दोनों समाप्त होते जा रहा है। मामले की शिकायत ग्राम चाकामार निवासी गोविन्द राम द्वारा कलेक्टर से की गई है।

शिकायत में उल्लेख है कि जंगल मे पेड़ तो दोबारा भी लगाया जा सकता है, मगर पेड़ लगाने के लिए भूमि ही न हो, तो फिर पेड़ कैसे लगायेगें। इस बात को ध्यान रखते हुए वन अधिकार पट्टा कि जांच कराई जाए। वन अधिकार पट्टा जिसे प्रदान किया गया है, वहीं व्यक्ति उस पर फसल लगा रहा है या नहीं। क्योंकि बहुत से वन अधिकार पट्टा प्राप्त व्यक्ति की भूमि तस्कर के हवाले हो चुका है, इसकी बारिकी से जांच होनी चाहिए। वन संरक्षण व वन भूमि संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वन भूमि पर पक्का बॉउड्री वॉल घेरा किया जाये तो वन भूमि व वन दोनों सुरक्षित किया जा सकता है।

# एसईसीएल को पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के लिए मिला प्रथम पुरस्कार

**दबंग दुनिया ♦ कोरबा**

कोल इंडिया के 50वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन कोलकाता में किया गया। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट अवार्ड श्रेणी अंतर्गत एसईसीएल को पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के लिए प्रथम पुरस्कार और वे-ब्रिज ऑटोमेशन की पहल के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला है।



वहीं समारोह में एसईसीएल को व्यक्तिगत श्रेणी में चार पुरस्कार मिले। एसके मोहंती क्षेत्रीय महाप्रबंधक गेवरा को इंडिविजुअल एक्सिलेंस, पी श्रीकृष्णा क्षेत्रीय महाप्रबंधक सोहागपुर एरिया को बेस्ट एरिया जीएम, अरिंदम मुखर्जी महाप्रबंधक (उत्पादन) को बेस्ट एचओडी, देवव्रत सिन्हा इलेक्ट्रिकल सुपरवाईजर चिरमिरी क्षेत्र को एन कुमार एक्सीलेंस अवार्ड फॉर इनोवेशन प्राप्त हुए।समारोह में मुख्य अतिथि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त एवं कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद ने एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा, मुख्यालय एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधकों एवं अधिकारियों द्वारा ग्रहण किया गए। वहीं व्यक्तिगत श्रेणी के अवार्ड चेयरमैन कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद व भूतपूर्व चेयरमैन सुतीर्थ भट्टाचार्य के हाथों से दिये गये। महत्वपूर्ण आयोजन में कोल इण्डिया को ग्रेट प्लेस टू वर्क के प्रतिष्ठित सर्टिफिकेशन प्राप्त होने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक व औद्योगिक संबंध विनय रंजन ने कहा कि यह मान्यता हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो हमारी कार्यस्थल संस्कृति की ताकत और हमारे कर्मचारियों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

# अन्य जमीन को धोखे से रजिस्ट्री कराकर लाखो रूपए का धोखाधड़ी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा**

अन्य जमीन को धोखे से रजिस्ट्री कराकर लाखो रूपए का धोखाधड़ी करने वाला फरार आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी अनिलदास महंत को आरोपी सुरेश महंत एवं उनके अन्य साथियों के द्वारा मुनुन्द रोड कालोनी में जमीन व मकान लेने के लिए बात वर्ष 2022 में किया था। जमीन को देखने गये तो आरोपियों द्वारा शुभकामना सिटी कालोनी के भीतर जमीन दिखाये व बोले कि 01 डुप्लेक्स मकान बनाकर रजिस्ट्री कराकर देने की बात बोले जिसका कुल 9,00,000 रूपए में सौदा तय हो चुका था जिसका दिनांक 30.06.2022 को रजिस्ट्री कराया। प्रार्थी मकान को लोन में खरीदना चाहता था तो आरोपी अनंदराम उर्फ नंदलाल, सुरेश, जगदीश कश्यप के द्वारा बिलासपुर के आई. सी. आई. सी. आई. बैंक वाले से संपर्क कराया और 2,74,000 खाता में जमा कराया था। जमीन का कागजात को लेकर बैंक गये जहां पर 6,10,000 रूपए का प्रार्थी के नाम से स्वीकृत लोन की राशि का चेक को बैंक के अधिकारी से मिली भगत कर रकम को आरोपी नंदलाल उर्फ आनंदराम के खाता में चेक के माध्यम प्रार्थी के जानकारी बिना डलवा दिये थे और आरोपियों द्वारा रकम को आहरण कर लिया गया था।



प्रार्थी द्वारा आरोपी जगदीश एवं उसके साथियों से पूछने पर रकम मिल गया है मकान को बनाकर देंगे बोला था कुछ दिन बाद पटवारी जमीन को देखने गया तो पता चला कि उक्त जमीन शुभकामना सिटी में न होकर पिछे तरफ खेत में कृषि भूमि है और जगदीश लोग प्रार्थी को कालोनी में डायवर्सन युक्त जमीन कालोनी अंदर दिखाये थे। तथा अन्य जगह की जमीन को रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी किये है माननीय न्यायालय के आदेश पर जांच उपरांत अपराध धारा सदर का पायें जाने आरोपियों के विरूद्ध थाना जांजगीर अपराध कमांक 768/2024 धारा 420, 34,120 (बी) भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में आरोपी नंदलाल, सुरेश महंत एवं जगदीश कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करना तथा आरोपियो का कृत्य अपराध धारा सदर कर घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर पूर्व में न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है।

# जलाराम जयंती उत्सव 8 नवंबर को, टीपी नगर से निकलेगी शोभायात्रा

**दबंग दुनिया ♦ कोरबा**

श्री जलाराम सेवा समिति द्वारा जलाराम मंदिर में संत श्री जलाराम बापा का जयंती उत्सव 8 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। शुक्रवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर में विराजित श्री विग्रहो का वस्त्र बदला जाएगा जिसके दाता स्व. जयंती भाई देवजी भाई पटेल अग्रसेन मार्ग कोरबा होंगे। सुबह 9.30 बजे जलाराम बापा का अभिषेक पूजन, अखंड दीप प्रागट्य किया जाएगा। दोपहर 3 बजे शोभायात्रा नंदलाल भाई जेठवा के प्रतिष्ठान सेफ एक्सप्रेस स्टेडियम रोड टीपी नगर से डीडीएम रोड स्थित जलाराम मंदिर तक निकाली जाएगी। शाम 5 बजे संयुक्त सभा, वार्षिक आय-व्यय की प्रस्तुति के बाद दाताओं का आभार व्यक्त किया जाएगा। शाम 6.30 बजे दैनिक पूजा-आरती पश्चात जलाराम बापा की महाआरती होगी। रात्रि 7.30 बजे से महाप्रसाद भंडारा आयोजित होगा। महाप्रसाद भंडारा के दाता पीयूष भाई नितिन भाई राठौड़ व कल्पेश भाई नितिन भाई राठौड़ होंगे। जलाराम सेवा समिति के किशोर भाई पटेल ने समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार आयोजन में शामिल होने आग्रह किया है।



# अपर कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

■ राज्योत्सव की तैयारी की समीक्षा कर सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**दबंग दुनिया ♦ जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर आकाश छिकारा के दिशा-निर्देशन में अपर कलेक्टर एस. पी. वैद्य ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। अपर कलेक्टर ने इस दौरान 5 नवंबर को जिला स्तरीय राज्योत्सव के सफल आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को सौंपे दायित्व निष्ठापूर्वक निर्वहन करनें के निर्देश दिए। उन्होंने में स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यान, रेशम, श्रम, जनसपंर्क विभाग, पशुधन, क्रेडा, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत, सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जाने वाले स्टॉल के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।



अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को सर्वे कर अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही उन्होंने रामलला दर्शन योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लंबित अनुकंपा नियुक्ति, अटल विहार योजना के लिए भूमि का चिन्हाकन करने, निराश्रित निधि योजना, जल जीवन मिशन के कार्य, डायवर्सन के प्रकरण, नक्शा बटांकन की जानकारी, विवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन के प्रकरण की समीक्षा एवं लंबित कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

■ आरोपियों को मुंशी इस्माइल वार्ड भाटापारा में अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित पकड़ा गया

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा



ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मुंशी स्माइल वर्ल्ड भाटापारा में मादक पदार्थ में गांजा की बिक्री करने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर *दिनांक 04.11.2024 को थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा मुंशी इस्माइल वार्ड भाटापारा में घेराबंदी कर अपने घर के सामने बिक्री करने के लिए अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने वाले 02 आरोपियों को पकड़ा गया है।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी कैलाश सेन का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से कुल 05 नग अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ। अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले *गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 05.054 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। *उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?50,000 है। आरोपी कैलाश सेन से विस्तृत पूछताछ पर उसके द्वारा *उक्त गांजा आरोपी समीर खान द्वारा उपलब्ध कराना बताया गया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल आरोपी समीर को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी समीर खान से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम ?300 एवं एक मोबाइल भी जप्त किया गया है।* कि प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 498/2024 धारा 20 इ, 29 ठउद्धर एक्ट के तहत आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आरोपियों के नाम

1. कैलाश सेन उम्र 35 साल निवासी मुंशी इस्माइल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
2. समीर खान उम्र 24 साल निवासी मुंशी स्माइल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर

### जप्ती

1. अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 5.054 किलोग्राम कीमती ?50,000
2. अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम ?300 एवं एक मोबाइल

# कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में पुलिस सहायता केंद्र का किया गया विधिवत उद्घाटन



### अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में मिलेगी सहायता

दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार

कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा, कबीर पंथ की आस्था का मुख्य केंद्र है। ग्राम दामाखेड़ा में कबीर पंथ आश्रम विद्यमान है। जिसमें कबीर पंथ के वंशाचार्य प्रकाश मुनि नाम साहेब एवं उनके परिवार निवास करते है। प्रत्येक वर्ष दामाखेड़ा में 15 दिवसीय मेला का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें हर दिन चैका आरती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम होते हैं। अपराध नियंत्रण तथा संपूर्ण दामाखेड़ा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ग्राम दामाखेडा में सोमवार 04 नवम्बर 2024 को पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा का उद्घाटन किया गया। पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में सहायक उप निरीक्षक माधो प्रसाद साहू को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। साथ ही प्रधान आरक्षक सुख सागर मरावी सहित तीन आरक्षक कुल पांच पुलिस स्टाफ की तैनाती पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में की गई है।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता संपन्न




दबंग दुनिया ♦ भाटापारा

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, भाटापारा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हने, स्कूल को ऑर्डिनेटर श्री टी आर साहू के द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में 105 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने नरेंद्र मोदीजी, पुलिस, डॉक्टर, शिक्षक, सब्जी वाली, काली माता किसान, सावित्रीबाई फुले, नरसिंह अवतार, शबरी माता, सैनिक, घरेलू हिंसा, मछली, हनुमान जी, स्पाइडर-मैन, अखबार, श्रमिक, रानी पद्मावती, रानी लक्ष्मीबाई व विभिन्न महापुरुषों आदि का रूप धारण कर उपस्थित पालकगणों का मन मोह लिया। तत्पश्चात निर्णायिकाओं द्वारा कक्षा अनुसार अपने निर्णय प्रस्तुत किए गए, जिसके अनुसार कक्षा नर्सरी से प्रथम स्थान शिवांश यादव, द्वितीय स्थान भव्य वर्मा व मान्या वर्मा, तृतीय स्थान आकांक्षा मारकंडे व संतान में पुरस्कार दिनल देवांगन व प्रियंक साहू को मिला। कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान पृशा सोनी, द्वितीय स्थान प्रतिष्ठा दीवान, तृतीय स्थान तान्या साहू व भव्या साहू तथा सांत्वना पुरस्कार भामनी साहू, मुकुल साहू व सानवी गुप्ता को मिला। कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान पूर्वी साहू, द्वितीय स्थान अवि अग्रवाल, तृतीय स्थान खुशी वर्मा व सांत्वना पुरस्कार दिव्यांशी साहू, अभय निषाद को मिला। कक्षा पहली व दूसरी में प्रथम स्थान फैंटास्टिक सदन से साक्षी वैष्णव, द्वितीय स्थान जीनियस सदन से खनक जैन, तृतीय स्थान फैंटास्टिक सदन से कवारा साहू, ख्याति शर्मा व सांत्वना पुरस्कार मार्वलस सदन से सार्थक सोनी, विवेक को मिला।

कक्षा तीसरी से पांचवी में प्रथम स्थान फैंटास्टिक सदन से दिव्यांशी साहू द्वितीय स्थान जीनियस सदन से समीक्षा बाजपेई, तृतीय स्थान फैंटास्टिक सदन से अस्तित्व मिश्रा, मयूरी चतुर्वेदी, सांत्वना पुरस्कार मार्बल्स सदन से लसिका पुरोहित, ब्रिलिएंट सदन से देविका शर्मा जीनियस सदन से अवनि कश्यप को मिला । कक्षा छठवीं से आठवीं में प्रथम स्थान मार्वलस सदन से कनक बंजारे, द्वितीय स्थान जीनियस सदन से आर्चिस विभा कोसले, ब्रिलिएंट सदन से रुकैया फातिमा, तृतीय स्थान ब्रिलिएंट सदन से दिव्यांशी यदु , स्वयं सोनी व सांत्वना मार्वलस सदन से पुरस्कार अनन्या साहू, फैंटास्टिक सदन से रिया दुबे को मिला। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में बच्चों की प्रशंसा की और अभिभावकों को प्रोत्साहित किया कि वह अपने बच्चों को आगे भी स्कूल के इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

# गजानन अग्रवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशामुक्त अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में भाटापारा स्थित गजानन अग्रवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 221 छात्र -छात्राओं ने भाग लिया।

शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुडाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा, भांग, अफिम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और घुमपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। नशे से छुटकारें हेतु नशा मुक्ति केन्द्र भी संचालित किया जा रहा है जिसमें रहने की व्यवस्था, दवाईयों की व्यवस्था, उचित मनोचिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है एवं नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। राज्य शासन के निदेर्शानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें।

इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी महाविद्यालय विद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## कन्नौजिया सोनार समाज जिला स्तरीय विस्तार

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कनौजिया सोनार समाज ने संगठन विस्तार करते हुए सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में जिले स्तर पर जिला अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। जिसमें दुर्ग जिले से अध्यक्ष उत्तम सोनी आमा पारा दुर्ग, सचिव रघुनंदन सोनी शांति नगर भिलाई 3, रायपुर जिले से अध्यक्ष कमलेश सोनी कचना रायपुर, सचिव देवलाल सोनी गांधी नगर पंडरी रायपुर, कोषाध्यक्ष गिरधर सोनी चंदखुरी फार्म रायपुर, भाटापारा बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष शंकर सोनी टेमरी, सचिव ताराचंद सोनी सारा गांव, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई जिला अध्यक्ष रमेश बच्चन सोनी सचिव राजेश सोनी डुंडा, कोषाध्यक्ष बलदाऊ सोनी बुंदेली को बनाया गया है। यह आदेश प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कनौजिया सोनार समाज कार्यालय भिलाई 3 के अनुशंसा पर और प्रदेश सचिव सहमति से बिभिन्न पदों पर नियुक्ति गई है जिसका कार्यकाल आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

# एस.आई परीक्षा में चयनित प्रतिभागियों का भारत माता सैनिक एकेडमी द्वारा गरिमामय सम्मान

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा



एस आई परीक्षा में चयनित भारत माता सैनिक एकेडमी के 4 चार कैडेट्स का चयन हुआ है उक्त हर्ष के माहौल पर चयनित प्रतिभागियों के सम्मान हेतु रावण भाटा के दशहरा मैदान मे गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को आयोजित किया गया जो कि भारत माता सैनिक फिजिकल एकेडमी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक, द्वारा संचालित (भाटापारा) मुख्य प्रशिक्षक सुनील तिवारी , संरक्षक- मन्नू लाल साहू अध्यक्ष- नारायण साहू ,डॉक्टर वीणा साहू,डा. अरूण छाबड़ा, मुकेश शर्मा (जर्नलिस्ट) शंकर सोनी के गरिमामय उपस्थिति मे रावण भाटा दशहरा मैदान भाटापारा में संचालित भारत माता सैनिक अकैडमी में चयनित सब इंस्पेक्टर के लिए, प्रवीण यादव ,सुनील ध्रुव, उमेश सिंह, को सम्मानित किया गया उक्त अवसर पर भारी संख्या मे एकेडमी के सदस्य गण भी मौजूद रहे।

# शंकर वार्ड में रंगोली की कलाकृति का अद्भूत नजारा

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा



दीपावली त्यौहार मे रंगोली कि चित्रकला त्यौहार के उमंग उल्लास को चार गुणा बढ़ा देता है जो शहरवासियों के लिये यह कला आकर्षण का विषय रहता है इसी संदर्भ मे शंकर वार्ड स्थित दीपा गिन्नोरे (शिक्षिका मार्डन इंग्लिश स्कूल) द्वारा बनाई गई। रंगोली की कलाकृति में हिरण का चित्रांकन किया गया है अपने आप मे रंगोली के माध्यम से लोगों को इसका रंगोली कला सजीव दर्शन सा भी महसूस करा कर रहा है जिसको देख लोग प्रशंसा किये बगैर नही रह पा रहे है वही दूसरी और अनुष्का द्वारा प्रस्तुत रंगोली कि कला मे माँ आदिशक्ति का चित्रांकन अपने अदभुत कला के माध्यम से प्रस्तुत किया है जो आस्था व श्रध्दा से भाव विभोर करती हुई आकर्षण का विषय रहा है वही अभिनव दुबे द्वारा रंगोली के अदभूत कला के माध्यम से माँ काली का चित्रांकन किया गया है जिसकी दिव्य दृष्टि से खुली हुई आंख व लभ लभाती चिभा रंगोली कि प्रदर्शन कला को आकर्षण का विषय बनाया हुआ है।

# जिला स्तरीय राज्योत्सव में जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे मुख्य अतिथि

### छत्तीसगढी गायिका कविता वासनिक देंगी सांस्कृतिक प्रस्तुति

दबंग दुनिया ♦ बलौदाबाजार

जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का जिला स्तरीय समारोह मंगलवार 05 नवंबर को शाम छै बजे से बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ला शासकीय बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में होगा। राज्योत्सव समारोह की अध्यक्षता राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। समारोह में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक भाटापारा इंद्र साव विधायक कसडोल संदीप साहू, विधायक बिलाईगढ़ श्रीमती कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ सनम जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा एवं छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्योत्सव में सुप्रसिद्ध छत्तीसगढी गायिका श्रीमती कविता वासनिक द्वारा सांस्कृतिक संध्या सजेगी। इसके साथ ही दुलदुला की संस्था छत्तीसगढी रंगोली कार्यक्रम अंतर्गत मनहरण साहू एवं साथियों की प्रस्तुति ,करमदा की लोक सांस्कृतिक संस्था झाँपी अंतर्गत मणिसिंह ठाकुर एवं साथी, कोहरौद के बाबा के दीवाना पंथी पार्टी अंतर्गत मनोज मार्कण्डेय एवं साथी तथा विद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी। राज्योत्सव में लगभग 21 विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा।

## जेल के बाहर आदतन बदमाश को मारी गोली...

**रायपुर।** रायपुर स्थित सेंट्रल जेल के बाहर सोमवार की दोपहर गोली चलने की सूचना है। बताया जा रहा है कि, जेल में अपने किसी परिचित से मुलाकात कर निकलते ही आदतन अपराधी पर गोली चलाई गई है।

बताया जा रहा है कि, आदतन अपराधी पर दो राउंड फायरिंग की गई है। साहिल खान नामक युवक पर गोली चलाई गई है। इस गोलीबारी में घायल साहिल खान को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गौरा-गौरी की शोभायात्रा में अखाड़ा दल के युवाओं ने दिखाए करतब

दबंग दुनिया ♦ भाटापारा



नगर में दीपोत्सव पर्व बड़े धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान गौरा-गौरी मूर्ति का स्थापना नगर के अधिकांश वार्डों नयापारा वार्ड, डबरापारा, नयागंजवार्ड, हथनीपारा सुभाषवार्ड, शक्तिवार्ड, नेहरूवार्ड, मातादेवालय वार्ड सहित अनेक वार्डों में किया गया। जहां पर भगवान गौरा गौरी की विधिवत पूजा अर्चना, आदिवासी समाज सहित सभी समाज के लोगों ने किया। धनतेरस के दिवस गौरागौरी स्थापना फूल कूचरना का कार्यक्रम संपन्न किया गया है।

लक्ष्मी पूजन पर प्रातः 10 बजे संबंधित स्थल से भगवान गौरा-गौरी की मूर्ति हेतु चुलमाटी कार्यक्रम संपन्न किया गया एवं निर्धारित स्थल पर ले जाकर ,भगवान गौरा गौरी की मूर्ति संबंधित बैगाओं के द्वारा बनाई गई तथा रात्रि में भगवान गौरा गौरी की विधिवत वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराई। गोवर्धन पूजा के दिन प्रातः 6 बजे टिकावन कार्यक्रम संपन्न किया। दोपहर 12 बजे भगवान गौरा-गौरी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे व अखाडे के साथ विसर्जन कार्यक्रम स्थानीय कल्याण सागर तालाब में संपन्न किया गया। इसी तारतम्य में नयापारा वार्ड ,धरमू गली गौरा गौरा चौक पर गौरागौरी की मूर्ति स्थापित, सतरूपा गणेषसिंह ध्रुव सावित्री पुनउराम ध्रुव कदम सुरेशसिंह ध्रुव, कुंती जयसिंह ध्रुव, इन्दुगीताप्रसाद ध्रुव के देखरेख में ओमसिंह ,रामायण सिंह ,प्रेमसिंह ,जसपाल पालु, सुषीला रजक, कुमारी देवांगन, रोहणीरजक ,दीक्षा ,रष्मि,लक्ष्मी ,आरती ,जानकी ,गौरी , कोमल, निकिता ध्रुव के व्दारा संपन्न किया। इसमें आदिवासी परिवार सहित वार्डवासीयों के सहयोग से यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहभागिता बजरंग अखाड़ा दल के प्रमुख बजरंग ध्रुव के मार्गदर्शन में नन्हे मुन्ने बालकों बॉबी ध्रुव, निखिल यादव, रितेष यादव, रितेन्द्र यादव,सन्नी ध्रुव, राहुलध्रुव,लक्की ध्रुव,विकास,नारायण प्रवीण, अजय ,हेमू, सहित अन्य ने आकर्षण हैरत अंगेज करतब दिखाए। विसर्जन कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग चन्दूर्ध्रुव, रविरजक, हिमांषुयादव, शिवध्रुव, गन्नू यदु, गोलूध्रुव, अमित यादव भुरूयादव आदि थे।

शोभायात्रा में सिर पर गौरा-गौरी की प्रतिमाओं को रखे युवतियां। शोभायात्रा में अखाड़ों के युवाओं ने आकर्षक हैरत अंगेज कर देने वाले करतब दिखाए।

# राज्यपाल ने दी छठ पर्व की शुभकामनाएं

दबंग दुनिया ♦ रायपुर



राज्यपाल रमेन डेका ने छठ पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कहा है कि सूर्य उपासना का यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश देता है। छठ पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि आस्था, विश्वास और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक भी है। यह पर्व हमारे जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का संचार करने का अवसर है। इस अवसर पर उन्होंने कामना की है कि यह पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा और उमंग का संचार करे। सूर्य देव की कृपा से सभी का जीवन स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाली हो।

Scanned with OKEN Scanner

# कांग्रेस अपनी गंदी राजनीती चमकाने प्रदेश में अशांति और अराजकता फैलाने को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रही : चैतराम अटामी

**दबंग दुनिया ♦ दंतेवाड़ा**



भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा व विधायक चैतराम अटामी ने कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ताओ पर प्रदेश में अशांति व अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा की जब हम प्रदेश का पचीसवां राज्योत्सव मना रहे हैं, बड़े ही दुःख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को आपके बीच रखने की विवशता है।

प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। हमारा यह स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस जान बूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजना देती है। षड्यंत्र रचती है। फिर उस पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं।

श्री अटामी ने कहा की यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो।छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफाये से अब जनता में प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है।

प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है।

प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाय, कम है। इसी तरह आपने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं। इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में ज़िम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डॉंटे की तर्ज. पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं? यह प्रश्न निराधार तो नहीं लगता। अगर ऐसा है, जो कि लग रहा है तो साफ कहा जा सकता है कि कांग्रेस अब एक गिरोह में बदल चुकी है।

लोहारीडीह कांड में भी बार बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि उन्हें पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है तो बता दे पुलिस को या पुलिस को जाँच करने दे। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नकली नोट के साथ पुलिस के गिरफ़्त में है। कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव घोटाला आदि के आरोप हैं।

कांग्रेस की इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ कतई सहन नहीं करेगा। भाजपा की हमारी सरकार तो प्रदेश में हर कीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ही, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस का मुकाबला करने तैयार है।

श्री अटामी ने कहा की भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस की आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी ज़िला मुख्यालय में पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते।

दामाखेड़ा की कबीरपंथ के आचार्य जी के निवास में हुए हमले की हम घोर भर्त्सना करते हैं और इसके पीछे के षड्यंत्र का पता लगा कर दोषियों को चाहे वह कितना ही बड़ा कांग्रेसी क्यों न हो, सलाखों के पीछे भिजवाये बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी।

## स्वरोजगार स्थापना हेतु ऋण प्राप्त करने 20 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**दबंग दुनिया ♦ कांकेर**

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 20 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रदाय किया जाएगा।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक को संबंधित जाति वर्ग तथा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की पारिवारिक वार्षिक आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी नहीं होने पर सरपंच एवं पटवारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक को जन्मतिथि दर्शित पांचवी, आठवीं व दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 02 पासपोर्ट साईज की फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा 10 रूपए के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लेने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें रखने वाले आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर, कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन के प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 06 में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

**लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार : जांजगीर-चांपा।** लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर द्वारा फरार वारंटियों की लगातार पतासाजी की जा रही है। इसी क्रम में फरार स्थाई वारंटी विशाल सूर्यवंशी निवासी खोखरा थाना जांजगीर को मुखबिर सूचना पर उसके सकुनत से पकड़ा जिसका स्थाई वारंट तामील कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## चारामा पुलिस की कार्यवाही बस स्टैण्ड के पास हुडदंग करने वालों को किया गिरफ्तार

**दबंग दुनिया ♦ कांकेर/चारामा**




दिनांक 03.11.24 को जितेन्द्र कुमार देवांगन निवासी नाकापारा चारामा थाना आकर शिकायत किया कि करीब 01 वर्ष पहले बस्ती के सभी दोस्त घुम रहे थे मोहल्ले में अपने दोस्तो के साथ बैठकर नशा पानी कर रहे थे चुकेश उनके साथ भी दोस्ती रखता था चुकेश यादव को उनके पास जाने से मना किये थे उसी बात को लेकर चंदन ने दोस्त मासुम तिवारी से लडाई झगडा किया था उसी बात को लेकर रंजीश बनाकर रखा है जिसके कारण उनसे मिलने पर भी बातचीत नही करते थे दिनाक 03.011.24 को रात्रि करीबन 09.00 से 10.00 बजे के रात्रि अपने बहन के घर जाने के लिये बस स्टैण्ड आकर बस में चढ रहा था उसी दौरान चंदन देवागन और उसका साथी अचानक बस स्टैण्ड में आकर कालर पकडकर बस के गेट से नीचे उतार दिये और मारपीट करने लगे आस पास के लोगों के द्वारा बीच बचाव किया गया था

शिकायत आवेदन पर चारामा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बस स्टैण्ड में हुडदंग करने वाले चन्द्रप्रकाश देवागन , अमन नाग का पता तलाश किया गया जिन्हे थाना में तलब कर पूछताछ किया गया पूछताछ करने पर पुरानी बातो को लेकर मन मुटाव बना हुआ था जिसे अकेले बस में जाते देख मौका पाकर धक्का मुक्की झगडा विवाद करना बताये जिस पर थाना चारामा में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर गिर0 कर एस0डी0एम कार्यालय चारामा के समक्ष पेश करने पर जेल भेजा गया।

नामः-

01. चन्द्र प्रकाष देवागन पिता श्री शंकर लाल उम्र 21 साल निवासी चारामा नाकापारा थाना चारामा

02. अमन नाग पिता स्व श्री संतोष नाग उम्र 20 साल निवासी नाकापारा चारामा थाना चारामा

## भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह के बयान पर एतराज

**दबंग दुनिया ♦ कोरबा**




भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह के छत्तीसगढ़ महतारी का मंदिर कहां के बयान ने तूल पकड़ लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष के इस बयान की आलोचना की गई है। छत्तीसगढ़ महतारी संवर्धन संस्कृति सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह प्रधान का कहना है कि डॉ. राजीव सिंह तो कोरबा में केवल व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाते हैं, उन्हें यहां के रीति और संस्कृति से कोई वास्ता नहीं है। बड़े दुःख की बात है कि कोरबा में रहकर वर्षों से स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी के मंदिर का रास्ता का ज्ञान नहीं होना उनके अदूरदर्शिता को दशार्ता है। साथ ही डॉ. राजीव सिंह के उस बयान की मंदिर का ताला खुलवाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा, उस पर भी समिति के लोगों ने एतराज जताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह से माफी मांगने को कहा है।

श्री प्रधान ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रीति संस्कृति और परंपराओं के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी आयोजनों को बढ़ावा देने समिति निरंतर प्रयत्नशील है। पूरे छत्तीसगढ़ का एकमात्र छत्तीसगढ़ महतारी का मंदिर हसदेव नदी के तट दर्री डेम के पास स्थित है जहां पर छत्तीसगढ़ में निवासरत लोगों के मध्य यह मंदिर गहरी आस्था रखता है। साथ ही संस्कृति को बढ़ावा देने समिति के लोग जुटे हुए हैं। प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रवार्ता में समिति के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह प्रधान, महासचिव प्यारेलाल चौधरी ने कहा कि विभिन्न आयोजनों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लोकपर्व हरेली सहित अनेक तीज-त्योहार के माध्यम से समिति में लगातार लोग जुड़ते जा रहे है और दर्री डेम के पास स्थित छत्तीसगढ़ महतारी के मंदिर हमारे लिए आस्था का विषय है।इन्होंने समिति के सदस्यों ने कोरबा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ महतारी चौक का निर्माण कराने की दिशा में हो रहे विलंब के लिए कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद के सुस्त रवैय्ये को कारण बताया है। साथ ही यह भी कहा कि महापौर की ओर से जानकारी दी गई है कि मेयर इन कौंसिल से प्रस्ताव पारित कर अग्रेषित किया गया है जिस पर अभी तक निर्णय नहीं हुआ है। समिति के सदस्यों का कहना है कि छत्तीसगढ़ महतारी चौक के निर्माण के लिए महापौर का सुस्त रवैय्या जिम्मेदार है। इसके लिए समिति के सदस्यों ने प्रदेश के श्रम और उद्योग मंत्री व क्षेत्रीय विधायक लखनलाल देवांगन से मिलकर छत्तीसगढ़ महतारी चौक की अविलंब निर्माण की मांग रखेंगे। पत्रवार्ता में संरक्षक यूआर महिलांगे, हरीश चंद निषाद, भोजराम राजवाड़े, सांस्कृतिक सचिव घनश्याम श्रीवास, कोषाध्यक्ष दिगम्बर कर्ष, उप कोषाध्यक्ष रमेश श्रीवास, संगठन सचिव दिनेश कुमार निषाद, सुरेश द्विवेदी, तरूण राठौर व अधिवक्ता रजनीश निषाद व महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीता देवी महंत उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के 2056 परिवार होंगे लाभान्वित

**दबंग दुनिया ♦ दुर्ग**




प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 2056 परिवार लाभान्वित होंगे। हितग्राही दीवाली के दिन गृह प्रवेश उत्सव मनायेंगे। जिले के विकासखंड दुर्ग में 165, धमधा में 1240 व पाटन में 621 परिवारों को योजना के तहत आवास मिलेगा। हितग्राही अपने खुद के पक्के मकान में प्रवेश करने के लिए काफी उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) पूरे छत्तीसगढ़ में लाखों लोगों को किफायती आवास प्रदान करने में सहायक रही है। यहां एक लाभार्थी की विशिष्ट सफलता की कहानी बतायी जा रही है। दुर्ग जिले के जनपद पंचायत दुर्ग के एक छोटे से गांव कोड़िया के हितग्राही श्री डोमार साहू पिता श्री प्रेम साहू और उनके परिवार का आवास कुछ साल पहले तक वे एक जीर्ण-शीर्ण मिट्टी के घर में रहते थे, जिसके तत्वों से बहुत कम सुरक्षा होती थी और बरसात के दिनों में छत से पानी रिसाव होता था, जिससे परिवार को बहुत संघर्ष का सामना करना पड़ता था। श्री डोमार साहू जीवनयापन के लिए दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता था और अपने परिवार के लिए उचित घर जुटाने के लिए संघर्ष करता था। जब डोमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में सुना तो उन्होंने आवेदन करने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता से डोमार साहू अपने परिवार के लिए एक पक्का घर बनाने में सक्षम हुआ। नए घर में उचित दीवारें थीं, एक छत थी जो टपकती नहीं थी, और बिजली और पानी के कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं थीं। इससे न केवल उनकी जीवन स्थितियों में सुधार हुआ बल्कि उन्हें सुरक्षा और सम्मान की भावना भी मिली। अब आज हितग्राही दीवाली में गृह प्रवेश कर रहा है। डोमार को अब मानसून के मौसम या कठोर सर्दियों के दौरान अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता नहीं है, उनके बच्चों के पास पढ़ने के लिए एक आरामदायक जगह है और वह अपर्याप्त आवास के निरंतर बोझ के बिना उनके भविष्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। डोमार की कहानी इस बात के कई उदाहरणों में से एक है कि कैसे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) पूरे जिले में लोगों के जीवन को बदल रही है, उन्हें एक अच्छा घर का निर्माण करने और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य हमें पक्का आवास के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ा और बरसों का सपना पूरा हुआ। प्रधानमंत्री आवास बनने से हमारे जीवन में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है। इस सुविधा से न केवल उनकी दैनिक गतिविधियां आसान हुई हैं बल्कि यह उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्वच्छता की दृष्टि से एक सकारात्मक सोच का बदलाव आया है।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह 05 नवंबर को, केशकाल विधायक टेकाम होंगे मुख्य अतिथि

### सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकार सुनील तिवारी सहित स्थानीय कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति

**दबंग दुनिया ♦ केशकाल**



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन 05 नवम्बर को शाम 06 बजे से विकास नगर स्टेडियम कोण्डागांव में होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल होंगे। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शासन की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम में चिरैया लोकमंच (लालजी कोर्राम), छत्तीसगढ़ी लोकरंग (सिद्धार्थ महाजन) एवं चक्रधर समारोह से सम्मानित रायपुर के कलाकार सुनील तिवारी (रंग झांझर) के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और कला का प्रदर्शन भी होगा।

## विधायक ईश्वर साहू नवीन पंचायत भवन का किया लोकार्पण

**दबंग दुनिया ♦ साजा**



साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत फुंडा बोरी में नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे साजा विधायक ईश्वर साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूवात कार्यक्रम उपस्थित अतिथियों का श्री फल और शाल भेटकर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू के हाथो फीता काटकर नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भी इन सभी विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं एवं अपने वादों को जिस प्रकार भाजपा सरकार ने निभाया है एवं प्रदेश के युवा, महिला, किसान, तथा अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। उससे हमें पूर्ण विश्वास है कि नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनावों में भाजपा प्रचंड विजय हासिल करेगी। जनता के मन में भी इसके प्रति विश्वास अभी से देखा जा रहा है, कि भाजपा जो कहती है वह करती है। महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान, 3100 रुपए में धान खरीदी, युवाओं के लिए रोजगार तथा शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 46% से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हर व्यक्ति एवं वर्ग की आकाँक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति माया बेलचंदन, जिला सदस्य जितेंद्र साहू, जिला मंत्री पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, संजय कश्यप, भोमराज जैन, जोहन वर्मा महामंत्री, सूरज देशमुख, अरविंद पटेल, एवं समस्त बोरी मंडल के भाजपा कार्यकर्ता गण ग्रामवासी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम में युवा टीम उमरिया ने रक्तदान शिविर आयोजित कर जीवनदान का दिया संदेश

**दबंग दुनिया ♦ उमरिया**




मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत रक्तदान जीवन दान के उद्देश्य से ब्लड बैंक अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले की सकरी युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर ग्राम पंचायत गौरइया में आयोजित किया गया।

प्रभारी ब्लड बैंक व लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है, अपितु रक्तदान करने से हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है।

रक्तवीर हिमांशु तिवारी कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है, जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं किया जा सकता। केवल स्वैच्छिक रक्तदाताओं के रक्तदान करने से ही रक्त की कमी पूरी की जा सकती है। रक्तदान महादान माना जाता है, एक यूनिट रक्तकदान से चार लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान से लोगों को नई जिंदगी मिलती है और समाज रक्तदाता के इस सराहनीय कार्य को हमेशा याद रखता है। रक्तदान से न तो शरीर में बीमारी आती है न शरीर कमजोर पड़ता है। रक्तदान करने से ह्रदयाघात होने की संभावनाऐं कम होती हैं, क्योंकि रक्तदान से खून का थक्का नहीं जमता, खून कुछ मात्रा में पतला हो जाता है। वजन कम करने में मदद मिलती है, शरीर में नये ब्लड सेल्स बनने के कारण तंदुरूस्ती आती है। लिवर से जुड़ी समस्याओं से राहत मिलती है, आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, कैंसर का खतरा कम रहता है, इसलिये जीवन रक्षा हेतु रक्तदान अवश्य करें। किसी की जिंदगी बचाकर हम एक नेक कार्य करते हैं।रक्तदान बीमार के लिए रक्तदान जीवन की आशा है, इसलिए जीवन को वापस देने के लिए रक्त दान अवश्य करें।रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को आयोजनकर्ता ने प्रशस्ति पत्र सहित मेडल देकर सम्मानित किया।इस दौरान जिला चिकित्सालय लैब टेक्नीशियन अंजुली दर्दवंशी, अजय मारवी, रक्तवीर हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,सौरभ पांडेय, रक्तदाता बबलू रजक,गणेश बैगा,सागर कश्यप,साहिल कोल,दीपू सेन, व सभी उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

विचार मंथन

# नशे के खिलाफ जंग

निश्चित रूप से पंजाब नशे की गंभीर चुनौती से गुजर रहा है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जाहिर बात है सीमा पार से शुरू किए गए छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा भारी मात्रा में हेरोइन और अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। सतही तौर पर ये आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है।

हाल के दिनों में पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। जिसमें 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। संदेश जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार का खात्म करना बेहद आवश्यक है। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सुनियोजित कार्रवाई जरूरी है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

चिंतन मनन

# ईश्वर की कृपा बुद्धि से ही प्राप्त होती है

योग में आसन, प्राणायाम, मुद्रा और आहार-विहार आदि पर तो बहुत शोध हुए हैं, अब ध्यान और मुद्रा की बारी है। इस विधा के अनुसार शांत मस्तिष्क ऊर्जा का केंद्र है तो निर्मल मन शांति और स्थिरता का। शास्त्रों में इन केंद्रों की उपमा ब्रह्मलोक और क्षीर सागर से दी गई है। मस्तिष्क या खोपड़ी में जहां दिमाग माना जाता है वहां एक केंद्र की कल्पना की गई है। इस केंद्र को ब्रह्मकेंद्र कहते हैं। ब्रह्मरंध अर्थात मस्तिष्क का मध्यबिन्दु। ब्रह्माण्ड के मध्य में ब्रह्मलोक माना गया है और ब्रह्मरंध्र मस्तिष्क में है। जीव और ब्रह्म के बीच अति महत्वपूर्ण आदान-प्रदान का माध्यम यही है। पृथ्वी भी मनुष्य की तरह अंतग्रही आदान प्रदान से समृद्ध होती रहती है। उससे सूक्ष्म आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन जुटते रहते हैं। इस आदान-प्रदान का केन्द्र द्वार ध्रुव है। ठीक इसी प्रकार मस्तिष्क का मध्य केन्द्र ब्रह्मरंध्र सहस्त्रार कमल है। यह जितना सशक्त या दुर्बल होता है उसी अनुपात में जीवन को ब्रह्मसत्ता के अनुदान पाने की सम्भावना बढ़ती है। अन्तर्जगत के इस ब्रह्मलोक की अमृत वर्षा का लाभ लेने के लिए खेचरी मुद्रा का साधन बताया गया है । ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त का साधन बताया गया है। ध्यान मुद्रा में शान्त चित्त से बैठकर जीभ के अगले भाग को तालु मूर्धा से लगाया जाता है। सहलाने जैसे मन्द-मन्द स्पन्दन पैदा किये जाते हैं। उस उत्तेजना से सहस्त्र दल कमल की प्रसुप्त स्थिति जागृति में बदलती है। यह खेचरी मुद्रा है। इस स्तर पर अनुभव होने वाले उपादानों का वैज्ञानिक विश्लेषण अभी बाकी है। अध्यात्मविदों के अनुसार यदि भावना और क्रिया का सही समन्वय करके इस साधना को किया जा सके तो चेतना क्षेत्र में आनन्द और कार्य क्षेत्र में उल्लास की उपलब्धि होती है।

# परमाणु शक्ति से क्षुद्रग्रह संकट टालने की कोशिश

हमारे सौरमंडल से इतने बड़े क्षुद्रग्रहों का कुछ ही समय के भीतर हमारे ग्रह की ओर अग्रसर होना असामान्य घटना है। लेकिन शोधकर्ता यह नहीं जानते कि दो क्षुद्रग्रह एक साथ पृथ्वी से क्यों टकराए। नादिर क्रेटर बनाने वाला क्षुद्रग्रह लगभग 450-500 मीटर चौड़ा था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह लगभग 72,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पृथ्वी से टकराया था। इस पैमाने की घटना के सबसे करीब 1908 में तुंगुस्का की घटना थी,जब साइबेरिया के ऊपर आसमान में 50 मीटर का एक क्षुद्रग्रह फटा था।

**- मुकुल व्यास**
लेखक

यदि कोई क्षुद्रग्रह पृथ्वी की तरफ खतरनाक ढंग से बढ़ता है तो क्या हम उसे रोक पाएंगे? वैज्ञानिक भविष्य में क्षुद्रग्रह के प्रहारों से बचने के लिए कई तरह के उपायों पर विचार कर रहे हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, एक परमाणु बम पृथ्वी को क्षुद्रग्रह के प्रभाव से बचा सकता है। प्रयोगशाला में दुनिया के सबसे शक्तिशाली जेड मशीन विकिरण स्रोत का उपयोग करके किए गए नए प्रयोग ने प्रदर्शित किया कि एक क्षुद्रग्रह के करीब परमाणु बम को विस्फोटित करके क्षुद्रग्रह की दिशा बदलने के लिए पर्याप्त बल उत्पन्न किया जा सकता है।



न्यू मैक्सिको की सैंडिया नेशनल लेबोरेटरी में जेड मशीन विकिरण स्रोत का संचालन करने वाली टीम का कहना है कि परमाणु विस्फोट द्वारा उत्पन्न शक्तिशाली एक्स-रे तरंगें क्षुद्रग्रह की सतह को वाष्पित करके उसकी दिशा मोड़ देंगी। इस अध्ययन के मुख्य लेखक नाथन मूर ने कहा, अधिकांश लोगों को क्षुद्रग्रहों से खतरा बहुत दूर की बात लगती है। लेकिन हमारा ग्रह हर दिन छोटे आकार के क्षुद्रग्रहों से टकराता है। हम उन्हें शूटिंग स्टार कहते हैं। हम किसी बड़े क्षुद्रग्रह के दिखने का इंतजार नहीं करना चाहते। हम उसकी दिशा बदलने के सही तरीके खोजना चाहते हैं। पिछले साल अमेरिका की नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसमें कहा गया था कि ग्रहों की सुरक्षा एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है। विभिन्न मॉडलों ने दिखाया था कि परमाणु बम द्वारा बनाई गई शॉकवेव आने वाले क्षुद्रग्रह को सफलतापूर्वक मोड़ने के लिए पर्याप्त बल प्रदान कर सकती है। लेकिन इन परिदृश्यों में हानिरहित रूप से पथ से हटाए गए क्षुद्रग्रहों को दशकों पहले देखा गया था।

चिंताजनक बात यह है कि इस समय चल रहे नासा के आकाश सर्वेक्षण ने अनुमान लगाया है कि पृथ्वी के निकट लगभग 25,000 ऐसी वस्तुएं मौजूद हैं जो बड़े विनाश का कारण बन सकती हैं। इनमें से कई सूर्य की चमक से छिपी हुई हैं, इसलिए संभावित रूप से खतरनाक क्षुद्रग्रहों में केवल एक-तिहाई की ही पहचान की जा सकी है। न्यू मैक्सिको स्थित प्रयोगशाला में मूर और उनकी टीम ने एक छोटे सिलिका पत्थर के आकार के नकली क्षुद्रग्रह को जेड मशीन की एक्स-रे पल्स से विकिरणित किया। शोधकर्ताओं ने बिल्कुल सही समय पर ह्यसिलिका क्षुद्रग्रहह्न को प्रयोगशाला के वातावरण के भीतर ह्यअंतरिक्षह्न में छोड़ा। उन्होंने वातावरण का अनुकरण करने के लिए एक वैक्यूम बनाया था। उन्होंने एक्स-रे द्वारा नकली क्षुद्रग्रह की सतह को वाष्पित करने से पहले एक सेकंड के एक अरबवें हिस्से के भीतर उसे छोड़ दिया। प्रयोग में क्षुद्रग्रह आगे खिसक गया।

कई विज्ञानियों ने पहले यह विचार रखा था कि शक्तिशाली एक्स-रे विस्फोट एक बहुत बड़ी अंतरिक्ष चट्टान को उसके मार्ग से हटाने का विकल्प हो सकता है, लेकिन इसका कभी परीक्षण नहीं किया गया था। नया प्रयोग इस सिद्धांत का पहला प्रायोगिक प्रदर्शन है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर पर्याप्त चेतावनी या सतर्कता हो तो इस विधि का इस्तेमाल बहुत बड़े क्षुद्रग्रहों पर किया जा सकता है। सिद्धांत रूप में, अगर आपके पास पर्याप्त समय हो तो आप डायनासोर को मारने वाले क्षुद्रग्रह को रास्ते से हटा सकते हैं। दुनिया भर की अंतरिक्ष एजेंसियां पहले से ही लंबे समय तक चेतावनी देने वाले क्षुद्रग्रहों की दिशा मोड़ने के संभावित तरीकों पर काम कर रही हैं। नासा के डार्ट मिशन ने दो साल पहले एक हानिरहित क्षुद्रग्रह, डिमोर्फोस को सफलतापूर्वक अपने मार्ग से हटा दिया था।

इस बीच, एक नए अध्ययन से पता चला है कि 6.6 करोड़ वर्ष पहले पृथ्वी से टकराने वाला और डायनासोर का सफाया करने वाला विशाल क्षुद्रग्रह अकेला नहीं था। वैज्ञानिकों का कहना है कि उसी युग में पश्चिम अफ्रीका के तट से दूर समुद्र में एक दूसरी, छोटी अंतरिक्ष चट्टान टकराई थी,जिससे एक बड़ा गड्ढा बन गया। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक विनाशकारी घटना रही होगी। इससे अटलांटिक महासागर में कम से कम 800 मीटर ऊंची सुनामी आई होगी। दुबई स्थित हेरियट-वाट विश्वविद्यालय के डॉ. उइसडीन निकोलसन ने सबसे पहले 2022 में नादिर क्रेटर की खोज की थी। लेकिन यह क्रेटर वास्तव में कैसे बना, इस बारे में अनिश्चितता बनी हुई थी। अब डॉ. निकोलसन और उनके सहयोगियों को यकीन है कि 9 किलोमीटर का गड्ढा समुद्र तल में एक क्षुद्रग्रह के टकराने के कारण हुआ था। ये वैज्ञानिक इस घटना की सटीक तारीख नहीं बता सकते। वे यह भी नहीं बता सकते कि क्या यह मैक्सिको में 180 किलोमीटर चौड़े चिक्सुलब क्रेटर बनाने वाले क्षुद्रग्रह से पहले आया था या बाद में। मैक्सिको पर गिरने वाले क्षुद्रग्रह ने दुनिया में डायनासोर के शासन को समाप्त कर दिया था। लेकिन इन वैज्ञानिकों का कहना है कि अंतरिक्ष से छोटी चट्टान भी क्रेटेशियस काल के अंत में आई थी जब डायनासोर विलुप्त हो गए थे। दूसरे क्षुद्रग्रह ने पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने के बाद आग का गोला बना दिया था। नादिर क्रेटर की कोई तस्वीर नहीं है लेकिन ऑस्ट्रेलिया में गॉसेस ब्लफ क्रेटर ऐसा ही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 7 तीव्रता के भूकंप से पहले एक बहुत तेज हवा का विस्फोट हुआ होगा। संभवतः समुद्र तल से बहुत अधिक मात्रा में पानी निकल गया होगा,और बाद में यह पानी वापस बहकर समुद्र तल पर आया होगा,जिससे तल पर अनोखी छाप बनी होगी।

हमारे सौरमंडल से इतने बड़े क्षुद्रग्रहों का कुछ ही समय के भीतर हमारे ग्रह की ओर अग्रसर होना असामान्य घटना है। लेकिन शोधकर्ता यह नहीं जानते कि दो क्षुद्रग्रह एक साथ पृथ्वी से क्यों टकराए। नादिर क्रेटर बनाने वाला क्षुद्रग्रह लगभग 450-500 मीटर चौड़ा था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह लगभग 72,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पृथ्वी से टकराया था। इस पैमाने की घटना के सबसे करीब 1908 में तुंगुस्का की घटना थी,जब साइबेरिया के ऊपर आसमान में 50 मीटर का एक क्षुद्रग्रह फटा था। नादिर क्षुद्रग्रह लगभग बेनू के आकार का था, जो इस समय पृथ्वी के निकट परिक्रमा करने वाला सबसे खतरनाक ऑब्जेक्ट है। वैज्ञानिकों का कहना है कि नासा के अनुसार बेनू के पृथ्वी से टकराने की सबसे संभावित तिथि 24 सितंबर, 2182 है। लेकिन इस बात की संभावना अभी भी 2,700 में से 1 है। मानव इतिहास में इस आकार का क्षुद्रग्रह कभी नहीं टकराया है।

ध्यान रहे बेनू पृथ्वी के निकट का एक छोटा क्षुद्रग्रह है जो लगभग हर छह साल में पृथ्वी के करीब से गुजरता है। नासा के ओसिरिस-रेक्स मिशन का लक्ष्य 4.5 अरब वर्ष पुराने इस क्षुद्रग्रह का नमूना एकत्र करना और उसे पृथ्वी पर लाना था। पृथ्वी पर लाए गए नमूने के प्रारंभिक अध्ययनों से उसमें उच्च कार्बन सामग्री और पानी के साक्ष्य मिले हैं। इनसे संकेत मिलता है कि पृथ्वी पर जीवन के निर्माण खंड संभवतः अंतरिक्ष की इस चट्टान में मौजूद हैं। ओसिरिस-रेक्स नमूना कार्बन-समृद्ध क्षुद्रग्रह का पृथ्वी पर लाया गया अब तक का सबसे बड़ा नमूना है। यह वैज्ञानिकों को पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति की जांच करने में मदद करेगा।

**आप भी आमंत्रित हैं**

संपादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। अपने विचार इस पेज के जरिये अभिव्यक्त कर सकते हैं। आप पत्र व रचनाएं हमें भेज सकते हैं।
व्हाट्सअप नंबर : 7470794884, आप हमें मेल भी कर सकते हैं - dabangdunianewspaper@gmail.com

## व्यापार

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि के साथ अक्टूबर में 7045 यूनिट की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज अक्टूबर, 2024 में 7,045** यूनिट की बिक्री करने की घोषणा की है, जो पिछले साल (अक्टूबर, 2023) की समान अवधि की तुलना में सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। कंपनी के न्यू एनर्जी वाहन (एनईवी) इसकी कुल बिक्री का एक महत्व पूर्ण हिस्स्ा बने हुए हैं। कुल बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान- देश में किसी भी यात्री कार निमार्ता द्वारा मासिक बिक्री का उच्चनतम हिस्साक- एनईवी को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



स्व्च्छस परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च के पहले महीने में ही देश की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी व्हीरकल (सीयूवी) एमजी विंडसर की 3,116 यूनिट की बिक्री कर ईवी मार्केट की चमक को बढ़ाया है। ये मजबूत बिक्री आंकड़े, अक्टूबर 2024 के दौरान बेची गईं अन्यी सभी यात्री इलेक्ट्रिक कारों में सबसे ज्यांदा है।

पिछले महीने की गई अपनी घोषणा के अनुरूप कंपनी वाहन पोर्टल पर अपनी बिक्री संख्या का खुलासा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहन पोर्टल के मुताबिक, कार निर्माता की इस महीने सालाना वृद्धि 34 प्रतिशत (तेलंगाना को छोड़कर) रही है।

फेस्टिव सीजन में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता का एक मजबूत प्रमाण है।

# शेयर बाजार में हाहाकार! निवेशकों को 6.80 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

**मुंबई◆एजेंसी**

शेयर बाजार में गिरावट के कारण शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति 6.80 लाख करोड़ रुपए घट गई। बीएसई सेंसेक्स 662.87 अंक गिरकर 79,402.29 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 927.18 अंक टूटकर 79,137.98 पर आ गया था। विश्लेषकों के अनुसार बाजार में गिरावट इंडसइंड बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी की वजह से हुई है। भारी गिरावट के बीच बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 6,80,383.26 करोड़ रुपए घटकर 4,36,98,921.66 करोड़ रुपए (5.20 लाख करोड़ डॉलर) पर रहा। विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली से 29 समूहों के लुढ़कने से शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन धराशायी हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 662.87 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 9 सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,402.29 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 218.60 अंक यानी 0.9 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,180.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.48 प्रतिशत कमजोर होकर 45,452.83 अंक और स्मॉलकैप 2.44 प्रतिशत लुढ़ककर 52,335.66 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3100 में बिकवाली जबकि 841 में लिवाली हुई वहीं 80 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां लाल जबकि 12 हरे निशान पर बंद हुईं। बीएसई में एफएमसीजी की 0.50 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में गिरावट रही।

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार रहा



इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया। जबकि, आईटीसी, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.60 फीसदी की गिरावट रही। वहीं कोरिया का कोस्पी 0.087 फीसदी और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.59 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। 24 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.33 फीसदी गिरकर 42,374 पर और एस एंड पी 500 0.21 फीसदी चढ़कर 5,809 पर बंद हुआ। नैस्डैक 0.76 फीसदी चढ़कर 18,415 पर बंद हुआ। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 24 अक्टूबर को 5,062.45 करोड़ के शेयर बेचे।

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल

**गुरूग्राम**। होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज हरित परिवहन समाधानों में देश के रूपान्तरण में बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए नए सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल का लॉन्च किया है। पर्यावरण के प्रति सजग राइडरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई, यह भारत की पहली 300 सीसी फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल है। उपभोक्ता अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप्स पर 2024 होण्डा सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल की बुकिंग कर सकते हैं, यह रु 1,70,000 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है। नई सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल के लॉन्च पर बात करते हुए श्री सुत्सुमु ओतानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेजीडेन्ट एवं सीएफओ, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ह्यह्यहोण्डा में हमने 2050 तक अपने सभी प्रोडक्ट्स और कॉर्पोरेट गतिविधियों में कार्बन न्यूट्रेलिटी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। स्थायी प्रोडक्ट इनोवेशन के लिए अपनी प्रतिबद्धता के तहत आज हम सीबी300एफ का नया फ्लेक्स-फ्यूल वर्जन लेकर आए हैं, यह उत्सर्जन को कम करने और भारत की ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने की हमारी यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धि है। विश्वस्तर पर फ्लेक्स-फ्यूल टेक्नोलॉजी में एक दशक से अधिक विशेषज्ञता के साथ, होण्डा ने भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस मोटरसाइकिल को विशेष रूप से विकसित किया है, जो भारत के दोपहिया बाजार के लिए फ्लेक्स-फ्यूल की तरफ बदलाव को आसान बनाएगी। नई सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल का लॉन्च भारत सरकार के एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम को समर्थन प्रदान करने तथा स्वच्छ एवं हरित भविष्य में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। लॉन्च के अवसर पर बात करते हुए श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एण्ड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ह्यह्यभारतीय उपभोक्ताओं में ऐसी मोटरसाइकिलों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो अच्छा परफोर्मेन्स दें और साथ ही पर्यावरण के अनुकूल भी हों। होण्डा सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं पर्यावरण के प्रति सजगता का बेहतरीन संयोजन है, जो राइडरों को फ्लेक्स-फ्यूल विकल्प चुनने की आजादी देगी साथ ही उस विश्वसनीयता और परफोर्मेन्स को सुनिश्चित करेगी।

### संकट के दौर से गुजर रही गूगल

दुनिया की सबसे बड़ी वेब सर्च कंपनी गूगल मौजूदा समय में संकट के दौर से गुजर रही है। हालांकि हालातों को देखें तो संकट तुरंत बेशक न दिखाई दे रहा हो लेकिन कंपनी को अब दूसरी कंपनियों से कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। खासकर 9 साल पुरानी कंपनी ओपनएआई के चैटजीपीटी से जिसने हाल ही में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (artifical Intelligence (AI)) वेब सर्च इंजन लॉन्च किया है।



**गूगल की कमाई पर प्रभाव :** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट का अधिकांश मुनाफा गूगल सर्च इंजन से आता है, जबकि विज्ञापनों के जरिए कंपनी मोटी कमाई करती है। इसके बाद अल्फाबेट की कमाई का दूसरा बड़ा स्त्रोत यू-ट्यूब है। ऐसे में गूगल सर्च इंजन की कमाई अब बंटने लगी है, जिससे कंपनी के लिए यह एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

**2 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप :** अल्फाबेट का मार्केट कैप 2.12 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 180 लाख करोड़ रुपए) है। गूगल की स्थापना सितंबर 1998 में हुई थी और यह कंपनी लगभग 26 वर्षों से काम कर रही है। वहीं, ओपनएआई का मार्केट कैप 157 अरब डॉलर (लगभग 13 लाख करोड़ रुपए) है और इसे केवल 9 साल पहले 2015 में स्थापित किया गया था।

### कटारिया इंडस्ट्रीज ने रतलाम वायर की वायर मैन्यूफैक्चरिंग डिवीजन को अधिग्रहित किया

**रतलाम**। कटारिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने रतलाम वायर प्रालि की वायर डिवीजन को 'स्लम्प सेल' के आधार पर खरीदने की घोषणा की है। रतलाम वायर विभिन्न प्रकार के स्टील वायर प्रॉडक्ट्स का निर्माण करता है, जिसमें स्प्रिंग स्टील वायर, पीसी स्ट्रैंड वायर और गैल्वेनाइज्ड और अनगैल्वेनाइज्ड वायर शामिल हैं। कटारिया इंडस्ट्रीज वायर डिवीजन को 30.6 करोड़ में अधिग्रहित करेगा, जो 21 अक्टूबर की अनऑडिटेड वित्तीय स्थिति के अनुसार 30.27 करोड़ की नेट एसेट वैल्यू के बराबर है। कंपनी के एमडी अरुण कटारिया ने कहा दोनों कंपनियों के बीच तालमेल से कटारिया कई इंडस्टीज जैसे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री और रेलवे, को भी प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज देने में सक्षम होगा। 1 अप्रैल से 21 अप्रैल के दौरान रतलाम वायर की वायर डिवीजन का टर्न ओवर 89.384 करोड़ रुपए, वित्त वर्ष 2023-24 में 151.987 करोड़ रुपए और वित्तवर्ष 2022-23 में 136.418 करोड़ रुपए था। इस अधिग्रहण से 3.5 फीसदी से 4.5 फीसदी की एबिट्डा मार्जिन उत्पन्न होने की उम्मीद है, जो कटारिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड की टॉपलाइन और बॉटम लाइन दोनों को बढ़ाएगा।

### रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा रुपया

सोमवार को रुपया रिकॉर्ड निचले स्तरों पर बंद हुआ है। डॉलर के मुकाबले रुपया, 4 पैसे गिरकर 84.11 पर बंद हुआ। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 84.08 पर बंद हुआ था। विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) की ओर से मौजूदा समय में जारी दबाव के चलते रुपया लुढ़का है। हाल के हफ्तों में ग्लोबल फंड्स ने भारतीय शेयरों से 1.25 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बिक्री की है।

इस बिकवाली ने रुपए की गिरावट में बड़ी भूमिका निभाई है। करेंसी 11 अक्टूबर 2024 को 84 के आंकड़े को पार कर गई थी। उसके बाद लगातार बिकवाली की वजह से वो संभल नहीं सका है।

सोमवार को रुपया शुरूआती कारोबार में कुछ देर के लिए तेजी के साथ 84.06 पर पहुंच गया था लेकिन इसके बाद वो मोमेंटम को बरकरार नहीं रख पाया। विदेशी फंड्स की बिकवाली और घरेलू शेयरों में गिरावट का इस पर बड़ा असर पड़ा।

**आगे रुपए की कैसी रहेगी चाल?**

फॉरेक्स ट्रेडर्स को उम्मीद है कि रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार करता रहेगा। इसके पीछे वजह मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं।

### QNET इंडिया के विश्वसनीय प्रोडक्ट कॉम्बोस के साथ अपनी दिवाली को और आकर्षक बनाएं

दिवाली जहां गिफ्टिंग प्यार और मैत्री भाव दशार्ने का एक तरीका। अब गिफ्ट्स सिर्फ ट्रेडिशनल नहीं रहे- लोग ऐसे उपहार ढूंढ रहे हैं जो अधिमूल्य और उपयोगी दोनों हों। इस दिवाली पर QNET ने स्पेशल हैंपर्स तैयार किए हैं जो उत्सव को और भी स्पेशल बनाएंगे। स्पेशल प्राइस पर (24 अक्टूबर से 22 नवंबर तक) दो एक्साइटिंग ऑफर्स हैं- स्पार्कल डिवाइन सेट जिसमें किन्नारी 'मीरा' और 'डेजी' है, और फेस्टिव डिनर कलेक्शन जिसमें ORITSU अरिस्टो डिनर सेट और जिनिया टी सेट शामिल हैं। QNET का स्पार्कल डिवाइन सेटः किन्नारी मीरा और डेजी- किन्नारी मीरा सेट में स्टनिंग ईयररिंग्स और पेंडेंट हैं जो 14 कैरेट रोज गोल्ड से बने हैं और जीएच/एसआई1 ग्रेड के डायमंड्स से सजे हैं। ईयररिंग्स में 6 डायमंड्स और पेंडेंट में 3 डायमंड्स हैं कुल 0.19 सीटी वजन के साथ हैं। किन्नारी डेजी सेट में अनूठे फ्लावर डिजाइन है। 14 कैरेट येलो गोल्ड से बना है, इसमें ईयररिंग्स में 6 और पेंडेंट में 5 डायमंड्स हैं, टोटल 0.17 सीटी। QNET का फेस्टिव डिनर कलेक्शन : ORITSU अरिस्टो डिनर सेट और जिनिया टी सेट जिनिया विलासिता का मजा लें फेस्टिव डिनर कलेक्शन के साथ।

### पिछले 8 वर्षों में डीबीटी से 459 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किएः निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के फिलाडेल्फिया में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन बिजनेस स्कूल में बोलते हुए डीबीटी के साथ भारत की उपलब्धियों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से लोगों को 450 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किए गए हैं। केंद्र सरकार के 51 से अधिक मंत्रालय और विभाग प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से पटते हैं। पिछले 8 वर्षों में संचयी रूप से 450 बिलियन डॉलर से अधिक ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने डिजिटल सिस्टम के माध्यम से लोगों को सीधे कल्याणकारी लाभ पहुंचाने में भारत द्वारा हासिल की गई जोरदार सफलता पर जोर दिया। ये ट्रांसफर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा हैं जिनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी सहायता बिना बिचौलियों या लीकेज के लोगों तक पहुंचे। सीतारमण ने यह भी बताया कि डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल से सरकार चोरी और धोखाधड़ी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सक्षम हुई है। सीतारमण ने कहा कि 8 वर्षों में लगभग 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की चोरी होने से बचाई गई है। भारत का यह डिजिटल अनुभव चोरी, धोखाधड़ी वाले लेन-देन और भूत खाताधारकों को कम करने में एक शानदार सबक है। उन्होंने इन बचतों के लिए भूत खातों और धोखाधड़ी वाले लेन-देन को खत्म करने का श्रेय दिया, करदाताओं के पैसे को संभालने के मामले में जवाबदेही के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि हर रुपए का सही हिसाब हो, जिससे दुरुपयोग को रोका जा सके और सार्वजनिक धन का जिम्मेदाराना उपयोग बढ़ाया जा सके।

Scanned with OKEN Scanner

# ग्रामीण क्षेत्र में पकड़ाए आधा दर्जन जुआरी

**दबंग दुनिया ♦ सक्ती/नगरदा**

नगरदा थाना अन्तर्गत दीपावाली पर्व पर जुआ खेलते हुए आधा दर्जन जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़े। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम तुरिर्धाम में सुंदर जयसवाल घर के समाने 29 अक्टूबर मंगलवार रात्रि के समय कुछ लोग जुआ खेल रहे थे।

मुखबिर से सूचना प्राप्त पर घेराबंदी कर कुछ जुआरी पकड़ाए जिनमें रोहित कुमार राठोर पिता रामलखन राठोर उम्र 42 साल निवाशी पुटेकेला, सेतराम जयसवाल पिता झाडूराम उम्र 45 वर्ष निवाशी तुरिर्धाम, भरत गबेल पिता दयाराम गबेल उम्र उम्र 54 साल निवाशी खैरा थाना नगरदा को पकड़ कर और उनसे 3500 जप्त किया गया। दूसरी घटना मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम चमरा बरपाली में दीपक राठोर पोर्टी फॉर्म के सामने पोर्टी फॉर्म में लगे लाइट के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनमें महादेव कंवर पिता मदन कंवर उम्र 47 साल , अजीत सतनामी पिता हीराधर उम्र 23 साल लक्ष्मीनारायण सतनामी पिता जगदीश सतनामी उम्र 30 साल सभी चमरा बरपाली निवाशी थाना नगरदा आरोपियों से 1600 जब्त कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। सभी आरोपियों से सभी आरोपियों से धारा 3(2) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाहिं किया गया।

# वीर धनंजय सिंह स्टेडियम में होगा राज्योत्सव का आयोजन, मुंगेली विधायक मोहले होंगे मुख्य अतिथि

**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**

राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला मुख्यालय स्थित वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम में 05 नवम्बर को एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया जाएगा।

समारोह में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर श्री राहुल देव ने सभी तैयारियां शीघ्र पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने साफ-सफाई, विभागीय स्टॉल, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, एम्बुलेंस, विद्युत व्यवस्था, बेरिकेटिंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने स्टेडियम ग्राउण्ड पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री गिरीश रामटेके,



एसडीएम मुंगेली श्रीमती पार्वती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी होगे मुख्य आकर्षण का केन्द्र**

वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगे। इसमें जनसंपर्क विभाग, श्रम, आदिवासी विकास, अंत्यावसायी, खाद्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, मछली पालन, जिला पंचायत, समाज कल्याण, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पुलिस, शिक्षा, कौशल विकास, आयुष, वन, क्रेड़ा, जल संसाधन, उद्यानिकी आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा और विभागीय प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की योजनाओं एवं विशेष उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

**फिल्म संगीत गायक निंदर सिंह व टीम देंगे सूफी संगीत की प्रस्तुति**

राज्योत्सव समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी, जिसमें शाम 05.30 बजे से स्कूली बच्चों द्वारा समूह एवं लोक नृत्य के साथ ही पंथी नृत्य, शाम 07 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन व सम्मान समारोह, रात्रि 08 बजे लोक गायिका श्रीमती रेखा देवार व टीम द्वारा भरथरी नृत्य और रात्रि 08.20 बजे फिल्म संगीत गायक श्री निंदर सिंह व टीम द्वारा सूफी संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

# ग्राम बनहर में चौहान समाज का ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम संपन्न



**दबंग दुनिया ♦ सारंगढ़**

बिलाईगढ़ जिले के अंतिम छोर पर बसा ग्राम बनहर /डोंगरीपाली/ में चौहान / गांडा/ समाज का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज को नशा मुक्त बनाने,सामाजिक संगठन पर और मजबूत, शिक्षा पर जोर, देने के लिये समाज के लोगो को प्रेरित किया गया। चौहान समाज के जिला अध्यक्ष रामाधार चौहान ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जिला के प्रत्येक गांव में हमारे समाज के लोग निवासरत है। हर गांव के लोगो को सामाजिक संगठनों से बेहतरीन रूप से जोड़ा जाए ताकि उनकी हर समस्या का पता चले ओर सुख दुख में समाज खड़ा रहेगा। वरिष्ठ नेता उजागर नन्द ने उद्बोधन में बताया कि समाज से बढ़ कर कोई भी नही है समाज मे जन्म लिए है और मृत्यु भी होगी तो समाज के लोग ही काम आएंगे इसी लिये हमें समाज के लिये काम करना चाहिए। बरमकेला ब्लॉक अध्यक्ष विशिकेशन चौहान ने समाज को संबंधित करते हुए कहा कि समाज के हर कार्यकर्ता ठान ले कि हमारा समाज नशा मुक्त समाज बने तो जरूर हमें सफलता मिलेगी। आवर नशा मुक्त समाज बनने में कोई देरी नही होगी ओर समाज में अपने आप शिक्षा व आर्थिक मजबूती होगी। कार्यक्रम की सफल संचालन ब्लॉक सचिव संकीर्तन नन्द ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव राजेन्द्र चौहान, कायर्कारी जिला अध्यक्ष गोपाल बाघे, जिला सलाहकार सुभाष चौहान, जिला सलाहकार मंहगुलाल चौहान,जिला महासचिव फूलसाय चौहान,जिला उपाध्यक्ष सुभाष चौहान, ब्लॉक कायर्कारी अध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान,ब्लाक उपाध्यक्ष कमल चौहान, देवराज दीपक, धनीराम चौहान, रूपधर चौहान, सुदाम चौहान, सुकलाल चौहान, मुक्तेश्वर चौहान, धनसिंग चौहान,जोशेफ सिंह,अनादि चौहान, सुदर्शन चौहान,संजय चौहान, रविशंकर चौहान, मोहित दीप, प्रमोद नन्द, प्रफुल्ल महानन्द,गोरेक दीप के अलावा सैकड़ों समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्राम मचांदुर में बड़े धूमधाम से मां लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन संपन्न



**दबंग दुनिया ♦ उतई**

ग्राम मचांदुर में मां लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। लक्ष्मी पूजा के दौरान कई दिनों तक चले इस उत्सव के बाद,भक्तों ने मां लक्ष्मी को नम आंखों और मंगलकामनाओं के साथ विदा किया। विसर्जन के दौरान पूरे गांवों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों की गूंज,शंख ध्वनि और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विसर्जन के जुलूस में युवाओं से लेकर बुजुर्गों,महिलाओं तक ने हिस्सा लिया।जुलूस में मां लक्ष्मी की भव्य मूर्तियों को सजाए गए टालियो पर रखा गया था,और भक्तगण नाचते-गाते हुए इन्हें विसर्जन स्थल तक ले गए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पुलिस ने यातायात की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मां लक्ष्मी के विसर्जन के साथ ही लक्ष्मी पूजा का समापन हुआ, लेकिन भक्तों ने अगले वर्ष पुनः मां के स्वागत की आशा और उत्साह के साथ विदाई दी।इस धार्मिक आयोजन ने पूरे देश में भक्ति और उत्साह का माहौल बना दिया,जहां मां लक्ष्मी की शक्ति और आशीर्वाद के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा साफ झलक रही थी।यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को और मजबूत करता है।इस अवसर पर प्रमुख रूप सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति अध्यक्ष धनेश साहू,उपाध्यक्ष आशीष राजपूत,सचिव प्रवीण यदु,कोषाध्यक्ष खिलेश्वर साहू,संचालक चोवा निषाद,राहुल यदु,अजय यदु,हरीश यादव,भानु साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, पुकेश्वर साहू,अरुण साहू,प्रकाश साहू, प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# रबी फसल में धान की खेती पर लगाई रोक तो होगा चक्काजाम : संजय

**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

लगातार गिरे रहे भूमिगत जल स्तर को लेकर जिला कलेक्टर ने 28 अक्टूबर को रबी में धान के अलावा अन्य सुखा फसल गेहूं, मक्का, रागी, दलहन, तिलहन लेने एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी को गांव में मुनादी करवाने निर्देशित किया गया है। जिसे लेकर परसदा निवासी कांग्रेस के युवा नेता संजय चौधरी ने आपत्ति जताते हुए उक्त आदेश को वापस लेने की मांग किया है, अगर वापस नहीं लेने की स्थिति में चक्का जाम करने की बात कही है। संजय चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महासमुंद कलेक्टर द्वारा 28 अक्टूबर को फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण का कारण बताते हुए रबी फसल में धान न लगाने के लिए अधिकारियों को गांव में मुनादी कराने आदेश जारी किया है, चौधरी ने बताया भाजपा सरकार हमेशा से ही किसान विरोधी सरकार रही है।



किसान गांजा या अफीम की खेती नहीं करते हैं,कि उन्हें अब खेती के लिये भी अनुमति लेनी,पड़े धान उगाने पर भी सरकार अगर प्रतिबंध लगायेगी तो किसान कहां जायेंगे ? सरकार के फैसले से बिफरे हुये हैं.उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में पहले ही किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं. ऐसे में सरकार का यह निर्णय किसानों को मौत के मुंह में धकेलने की तरह है,सरकार औद्योगिक घरानों को तो हजार-हजार फीट गहरे बोरवेल करके भूजल दे रही है,लेकिन किसानों के नाम पर सरकार को पानी की कमी का रोना आने लगता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में धान की पैदावार सबसे अधिक होती है,जमीन में दलहन, तिलहन और गेंहू जैसे अन्य फसल लगाने से फसलों में उत्पादन कम होता है. साथ ही इससे मजदूरों की समस्या और आर्थिक रूप से किसानों पर भार बढ़ेगा। कोटवार गांवों में रबी फसल में धान की खेती नहीं करने की मुनादी कर रहे हैं और धान की फसल लगाने पर कृषि विभाग के अधिकारी धान की खेती नहीं करने एवं बिजली विभाग के अधिकारी बिजली काटने की धमकी देते घूम रहे हैं. इन सबके बीच सरकार को पानी पी-पीकर कोसते किसान फिलहाल सड़कों पर उतरने की तैयारी में है। जोंक परियोजना को लेकर शासन प्रशासन काम करें तो पिथौरा, बसना, सरायपाली जल संकट की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी।

# जशपुर पुलिस द्वारा ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने चलाया जा रहा वृहद चेकिंग अभियान



**दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव**

जिला जशपुर के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्र में नाकाबंदी कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों का ब्रीथ एनलाईजर के माध्यम से चेक कर एवं तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। विगत दिनों यातायात शाखा जशपुर द्वारा विशेष अभियान चलाकर अत्यंत लापरवाहीपूर्वक तेज गति से चलने वाले बाईकर प्रदीप राम निवासी एम.एल.बी. स्कूल के सामने के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 3000 /- रू. का शमन शुल्क वसूला गया। जिला पुलिस जशपुर द्वारा अभी समझाईस दी जा रही है कि नाबालिगों को वाहन चलाने न देवें, वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठ कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं इत्यादि साथ ही नाबालिक वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही के बारे में बताते हुये अनावश्यक रूप से घूमने वाले नाबालिग वाहन चालकों के परिजनों को मौके पर बुलाकर न्यायालयीन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अब वृहद स्तर पर कार्यवाही की जावेगी। पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह द्वारा अपील किया गया है कि - आपका जीवन परिवार एवं देश के लिये अमूल्य है, कृपया लापरवाहीपूर्वक एवं शराब पीकर वाहन चलाकर इसे व्यर्थ न जाने दें, यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य को भी सुरक्षित रखें।

# विधायक संदीप साहू मातर उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए



**दबंग दुनिया ♦ कसडोल**

कसडोल विधानसभा के पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लटेरा में बाल गोपाल युवा फाऊडेसन द्वारा आयोजित मातर उत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए इस दौरान साहू समाज के पदाधिकारी व ग्राम पंचायत लटेरा के पदाधिकारियों ने पुष्प माला से मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया मातर उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां लक्ष्मी माता जी के चित्र पर पूजा अचर्ना करने पश्चात राजगीत के साथ प्रारंभ हुआ इस दौरान मुख्य अतिथि संदीप साहू ने कहा कि साहू समाज प्रगतिशील समाज है इसे पूरे भारत में एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है हम सभी को माता राजिम कबीर दास साहेब गुरु घासिदास बाबा के बताए संदेशों का अनुसरण करना चाहिए।सभी युवाओं को शिक्षा के लिए आगे आने के लिए प्रेरित कर पलारी विकास खंड बोहाडीह के भारती मारकंडे एस आई पद पर चयनित होने पर बधाई दी। दसवीं एवं बारवी कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का मातर उत्सव कार्यक्रम में सम्मान किया गया। कार्यक्रम का अभार तहसील साहू संघ अध्यक्ष रोहित साहू ने किया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष हितेंद् ठाकुर रोहित साहू,जनपद अध्यक्ष खिलेंद वर्मा कांग्रेस जिला ?महामंत्री अश्विन जिला पंचायत सदस्य सुमित्रा घृतलहरे वर्म नीलकमल आजाद प्रवीण धुरंधर मनीष चंद्राकर सरपंच रवि बंजारे सहित ग्राम वासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गांडा समाज के दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुई विधायक



**दबंग दुनिया ♦ सरायपाली**

विधायक चातुरी नंद ग्राम बिछिया में गांड़ा समाज द्वारा आयोजित दीवाली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक नंद ने समाज के ईष्ट देव की पूजा अचर्ना और दीप प्रज्ज्वलित कर किया।तत्पश्चात गांड़ा समाज के पदाधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गांड़ा समाज शिक्षित और संगठित समाज है। आज समाज के लोग हर क्षेत्र में कामयाबी का ध्वज लहरा रहे है। मेरा सौभाग्य है कि मैं इस समाज का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को दीपोत्सव की बधाई दी।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमोरा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र

**दबंग दुनिया ♦ मुंगेली**

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमोरा को विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया है।

कलेक्टर राहुल देव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमोरा की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिलना जिले के लिए गौरव की बात है। इसका उद्देश्य अस्पतालों की सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए आमजनता तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर ने बताया कि अमोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी, मेडिसीन कक्ष, लैब, नियमित टीकाकरण सहित सारी सुविधाएं व्यवस्थित रूप से है, जिसके तहत यह प्रमाण पत्र मिला है। विगत दिनों राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन.क्यू.ए.एस.) की टीम द्वारा किए गए मूल्यांकन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमोरा को 92.99 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है।

# उमेश पटेल ने मुंशी राम मंदिर में अन्नकूट का प्रसाद किया ग्रहण

**दबंग दुनिया ♦ खरसिया**

नगर के पुरातन रामानंद मूर्ति राम शर्मा राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल शर्मा ने बताया कि धर्म नगरी धार्मिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध है खरसिया शनिवार को अन्नकूट गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर स्थानीय रामानंद मूर्ति राम शर्मा राम मंदिर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर अन्नकूट भंडारा प्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया अन्नकूट भंडारा के दौरान जहां खरसिया की सभी मंदिरों में दोपहर को प्रसाद वितरण किया जाता है वहीं स्थानीय रामानंद मुंशी राम शर्मा राम मंदिर में दोपहर में प्रसाद वितरण करने के पश्चात रात्रि में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है वर्षों से चले



आ रही परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजन के अवसर पर यहां रात्रि में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है इसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है जहां खरसिया क्षेत्र के विधायक उमेश पटेल अपने प्रथम कार्यकाल से ही प्रतिवर्ष राम मंदिर में आपने साथियों के साथ उपस्थित होकर राम दरबार में माथा टेकर आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते है वही सभी समुदाय के लोग भी उपस्थित होकर भंडारा का प्रसादग्रहण करते है विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण क्षेत्रवासी हुए आनंदित रामानंद मुंशी राम शर्मा राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल शर्मा द्वारा सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त किया।

श्री श्याम बिहारी मंदिर श्री हनुमान मंदिर गंज बाजार श्री राम मंदिर गंज पीछे पंचमुखी हनुमान मंदिर श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर श्री राम मंदिर श्री श्याम मंदिर स्टेशन चौक श्री राधा कृष्ण मंदिर सहित अनेक मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

# सामुदायिक भवन में लगेंगे 10 एसी

दबंग दुनिया ♦ सक्ती

नगरपालिका शक्ति की बहुपयोगी सामुदायिक भवन के 10 कमरों में आज की जरूरत को देखते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवम विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत को दीपावली की बधाई देते हुए बताया कि शक्ति नगर एवम आसपास की अधिकतम विवाह और अन्य सावर्जानिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिसमें जनता की मांग है कि 10 कमरों में एसी लगाना बहुत जरूरी है एवं अन्य कार्य हेतु 5 लाख रुपए की जरूरत है जिसे डॉ चरण दास



महंत जी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की । दीपावली पर्व पर डॉ महंत जी ने क्षेत्रवासियों को जरूरी मांग को स्वीकृत करने के रूप में उपहार दिया है।

# डॉ चरण दास महंत ने रथलाल पटेल को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया



दबंग दुनिया ♦ सक्ती

डॉक्टर चरण दास महंत शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवंनेता प्रतिपक्ष माननीय डॉक्टर चरण महंत जी द्वारा रथराम पटेल को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के विधायक प्रति निधि बनाए गए विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर कांग्रेस परिवार की ओर से बधाई दी गई वही रथराम पटेल ने कहा की मुझे जो जिम्मेदारी हमारे आदरणीय डॉक्टर चरन दास महंत ने मुझे दी गई उस जिम्मेदारीको निभाने की निष्ठा पूर्वककोशिश करूंगा। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष माननीय डॉक्टर चरण महंत जी को धन्यवाद एवं शक्ति नगर के सभी कांग्रेस नेताओं को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया रथराम पटेल अधिवक्ता के साथ-साथ कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है कांग्रेस के सभी कार्यक्रम में सक्रियता के साथ शामिल होते हैं। यह हमेशा सोशल मीडिया में कांग्रेस के लिए कार्य करते हैं उनकी इन्हीं सक्रियता के वजह से डॉक्टर चरण दास महंत ने उन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया जिससेक्षेत्र में काफी हर्ष व्याप्त है।

# राज्योत्सव में होगी सांस्कृतिक संध्या की धूम


दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 5 नवंबर को हाईस्कूल ग्राउंड बलरामपुर में आयोजित हो रहे जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। दोपहर 2 बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं दूसरी ओर संध्या कार्यक्रम में रीति रिवाज डांस ट्रूप बिलासपुर एवं भिलाई का म्यूजिक बैंड इंडियन रोलर द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक संध्या के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति, परंपराओं और कला का प्रदर्शन होगा।

# छठ पूजा पर विधायक गोमती साय के मुख्य आतिथ्य में किलकिला में 7 नवम्बर को छठ गीतों की होगी बौछार

» यूपी की सुप्रसिद्ध गायिका एकता मालन, सुश्री राजनन्दनी सिंह एवं पंडित प्रमोद पाण्डेय कार्यक्रम में देंगे सुमधुर छठ गीतों की प्रस्तुति





दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की नगरी किलकिला के मांड नदी की बहती पवित्र जलधारा में छठ व्रतियों द्वारा धूमधाम से षष्टि माता के लिये भगवान भास्कर को 7 नवम्बर को सुर्यास्त के समय अस्ताचल गामी सूयर्देव को एवं 8 नवम्बर के प्रातः उगते सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजन पश्चात छठ पर्व की समाप्ति की जावेगी।छठ पर्व को लेकर छठ पूजन समिति किलकिला द्वारा मांड नदी के तट से लेकर मन्दिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है ।इस वर्ष किलकिला में पर्व के अवसर हजारो लोगो के आगमन की सूचना है। वही छठ पूजन समिति के सदस्य वीरेन्द्र सिंह एवं जयप्रताप सिंह ने बताया कि लोगो की मंशा अनुरूप इस वर्ष छठी माई के भजनों एवं देवी भजनों के लिये बनारस उत्तर प्रदेश के भजन गायक एवं गायिकाओं को आमंत्रित किया गया है जिसमे यू. पी. के प्रसिद्ध भजन गायक, गायिकाओं में श्रीमती एकता मालन, सुश्री राजनन्दिनी सिंह एवं गायक प्रमोद पांडेय गीत संगीत के माध्यम से भक्ति गीतों से समा बांधेंगे। उक्त भक्ति रस में भारी संख्या में भजन प्रेमियों के जुटने की सम्भावना को देखते हुए समिति द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है चूंकि इस क्षेत्र में छठ गीतों का यह पहला कार्यक्रम है। सदस्यों ने बताया कि किलकिला में आयोजित भजन संध्या का कार्यक्रम 7 नवम्बर को शाम 5 बजे से प्रारम्भ होकर रात्रि 11 बजे तक भजनों की प्रस्तुति होगी।

# कलेक्टर ने जिले में राज्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर



कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने आज जिला मुख्यालय बलरामपुर के हाईस्कूल ग्राउंड पहुँचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के 24वें वर्ष पूरे होने पर जिला मुख्यालय में 05 नवंबर को जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विशेष उपलब्धियों पर आधारित प्रदशर्नी लगाई जाएगी, जिसमें राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं और सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मंच सहित स्टॉल और बैठक व्यवस्था, पार्किंग आदि की तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस दौरान मुख्य कायर्पालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित श्रीवास्तव सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

# धूम-धाम से निकली गई गौरा-गौरी की कलश यात्रा

दबंग दुनिया ♦ देवकर



जगह-जगह हुआ पूजा अचर्ना हुआ. वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाण्डेय ने गौरा -गौरी की पूजा अचर्ना किया प्रदेशवासियों क्षेत्रवासियों के सुख - समृध्दि की कामना की। इस दौरान राकेश पाण्डेय ने नगर देवकर एवं क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

दीपावली लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन गौरा गौरी कलश यात्रा धूमधाम से नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक निकाली गई बड़ी संख्या में गौरा गौरी यात्रा में लोग भी शामिल हुए बाजे के धुन में लोग झूमते नजर आए।

पंरपरा के अनुसार सर्व समाज के कुम्हार के समीप की कुवांरी मिट्टी से गौरा- गौरी की मूर्तियां बनाते हैं. इसके बाद लोग गाजे-बाजे के साथ गौरा -गौरी की बारात नगर में निकालते हैं. इस पर्व में गांव की महिलाएं, बुजुर्ग, और बच्चे सहित सभी लोग शामिल हुए. कई महिलाओं ने रास्ता रोक कर जमीन पर लेट गईं, जिसके उपर से गौरा-गौरी यात्रा निकली. और और सोंटा भी मरवाते हैं। लोगों में ऐसी मान्यता है कि जिनके शरीर मे कोई रोग व बीमारी होती है ऐसा करने से लोगों के वह कष्ट दुर हो जाते हैं. बाजे के मनमोहक स्वर लोगों को नाचने पर मजबुर कर रहे थे. गाजे-बाजे के साथ पर्व का समापन किया गया.

आपको बता दे कि लोग गौरा गौरी यात्रा के दौरान पूजा करने के लिए अपने घरों के सामने चौक पुरकर इंतजार करते रहते हैं वही पूजा अचर्ना कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं गौरा गौरी पर्व का विशेष महत्व है बड़ी संख्या में लोग गौरा गौरी पर्व में शामिल होते हैं और भगवान से अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए अर्जी विनती लगाते हैं. पूर्व सांसद प्रतिनिधि रविशंकर सोनी, अजय ढीमर, सूरज ढीमर, गणेश ढीमर, यशवंत सिहोरे, दिनेश ढीमर, संदीप सिहोरे, कन्हैया चक्रधारी, राम चक्रधारी, छोटू चक्रधारी, शामिल थे।

# एकल डीजे डांस प्रतियोगिता में भाग्यश्री रहा प्रथम



दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

ग्राम लमकेनु में 1 नवंबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें एकल,युगल एवं सामूहिक नित्य की प्रस्तुति दी गई। एकल में भाग्यश्री बरगढ़ प्रथम स्थान पर रहे,युगल में पवन हिना रायपुर प्रथम स्थान, ग्रुप डांस में जांजगीर-चंपा की प्रतिभा टीम प्रथम स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

ग्राम लमकेनी में स्व गजानन बेहेरा की स्मृति में डीजे डांस प्रतियोगिता 1 नवंबर की रात्रि को आयोजित किया गया था जिसमें सामूहिक नित्य में प्रतिभा डांस ग्रुप जांजगीर चांपा प्रथम स्थान पर रहे जिन्हें सरपंच कल्पना जगत की ओर से रु.13000 नगद राशि प्रदान की गई,जबकि आर एन सम्हर को द्वितीय पुरस्कार अशोक साहू व लोकेश प्रधान की ओर से रु.11000,वन स्टेप झारसुगुड़ा को तृतीय पुरस्कार देवानंद बेहरा की ओर से 9 हजार, शरारा भटगांव को चतुर्थ पुरस्कार राहुल बेहरा की ओर से रु.7000, हमर छत्तीसगढ़ को पंचम पुरस्कार भवानी सिदार सचिव की ओर से रु.5000, चंद्रहासिनी रायगढ़ को षस्टम पुरस्कार डिग्री सिदार की ओर से 3000 रू दिया गया। इसी तरह युगल में पवन हिना रायपुर को प्रथम पुरस्कार आशिक,कौशिक विशाल की ओर से 6000, कुशल लक्ष्मी पटेवा को द्वितीय पुरस्कार मोहित राम पटेल की ओर से 5000रू,मां बेटा पुसौर को तृतीय पुरस्कार सुभाष साहू की ओर से 4000, फ्यूचर बीन सोहेला को चतुर्थ पुरस्कार पद्मिनी विशाल सरपंच तोषगांव की ओर से 3000,शेखर करीना तेंदुकोना को पंचम पुरस्कार भूपेंद्र पटेल की ओर से रु.2000,श्रद्धा भावना चंद्रपुर को षस्टम पुरस्कार रु.1500 भारतीय चौहान की ओर से,जबकि एकल में भाग्यश्री बरगढ़ को प्रथम पुरस्कार रु.4000 हरिचरण सिदार की ओर से, जीवन साहू को द्वितीय पुरस्कार राकेश अग्रवाल की ओर से रु.3000, कल्पना राउलकेला को तृतीय पुरस्कार ललित साहू की ओर से रु.2500, रश्मिता बरगढ़ को 2000 अजीत प्रधान की ओर से चतुर्थ पुरूस्कार, सूरज निषाद को पंचम पुरस्कार 1500 लोकेश सहीस की ओर से, काजल सारंगढ़ को षस्टम पुरस्कार 1000 याचना साहू की ओर दिया गया।

# आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं मेगा फॉलोअप का आयोजन



दबंग दुनिया ♦ तखतपुर

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बिलासपुर द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं मेगा फॉलोअप का आपका आयोजन टीओके सकरी में किया गया जहां पर बड़ी संख्या में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने उपस्थित होकर एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं मेगा फॉलोअप में शामिल होकर सुदर्शन क्रिया का लाभ लिया। इस अवसर पर नए बनी इनटीट्यूशन प्रशिक्षक माधवी वर्मा को तेजपाल अरोरा के हाँथो सम्मानित किया गया व उनके द्वारा इंटिट्यूटशन कोर्स से संबंधित जानकारी दी गयी व अधिक से अधिक बच्चों को इस कोर्स में लाने का आह्वान किया। जानकारी देते हुए धमर्वीर सिंह ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा टीओके में नवरात्रि पर्व पर विशेष यज्ञ आयोजित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर नवरात्रि में पुण्य लाभ लिया। इसके पश्चात माह के प्रथम रविवार को दीपावली मिलन समारोह एवं मेगा फॉलोअप का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत योग एवं साधना के द्वारा की गई 2 घंटे की योग एवं साधना के पश्चात सभी ने एक दूसरे को दीप पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सत्र का संचालन मनीष सोनी एवं बृजलाल महोबिया द्वारा किया गया। संदीप वाजे ने नवरात्रि के



दौरान सभी के द्वारा दिए गए आर्थिक, मानसिक, शारीरिक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और आगे भी इस तरह का सहयोग करने की अपील की। वरिष्ठ प्रशिक्षक विकास साहू ने गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के कार्यो को जन जन तक पहुँचाने और अधिक से अधिक लोगो को इसका लाभ दिलाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सभी टीचर का सहयोग सराहनीय रहा। इस दौरान तखतपुर, सकरी, बिलासपुर, कोटा, रतनपुर आदि जगहों के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# मगधा यादव समाज ने श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं सामुदायिक भवन के लिए किया भूमि पूजन

दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

मगधा यादव समाज के द्वारा ग्राम अर्जुण्डा में यादव समाज के आराध्य देव श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं सामुदायिक भवन के लिए भूमि पूजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुण्डा चित्रसेन बिशी, उप सरपंच दिनेश भोई, पंच गण प्रदीप भोई, रामलाल साहू,बसंत भोई,श्रीधर बिशी, सुशील भोई, केंद्रीय संरक्षक संवरा समाज जयदेव भोई,यादव समाज संरक्षक ध्रुव मलिक,ब्लॉक अध्यक्ष हीराधर बगर्ती, शाखा अध्यक्ष देवलभांटा कृष्टो टांणी, शाखा अध्यक्ष पोडाग़ढ़ फकीर कठार, प्रांतीय सचिव दुर्वादल दीप, जिला सचिव ओम प्रकाश छत्रपति, वरिष्ठ समाजसेवी विजय यादव





का तिलक चंदन ,राधे गमछा,अंगवस्त्र भेंट कर पारंपरिक नाम संकीर्तन और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि के द्वारा पूजा अचर्ना कर भूमि की आराधना कर पूजन की गई एवं गगनचुंबी पताका लगाया गया। कार्यक्रम में जजमान के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष हीराधर धर्म पत्नी रमिला बगर्ती पूजा में विराजमान हुए। इसी बीच गौ माता की भी पूजा कर खिचड़ी, फल,प्रसाद खिलाया गया। मुख्य अतिथि बिशी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा यह स्थल एक पवित्र धाम बन जाएगा हम सब धन्य हो गये।

# छिंदपाली स्कूल में दीपोत्सव की रही धूम

सरायपाली। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला छिंदपाली में दीपावली अवकाश में दीपावली पर्व पर विद्यार्थियों ने स्कूल में दीपक जलाकर दीप उत्सव मनाया. विद्यालयों में अवकाश हैं, ऐसे समय में शाला में उपस्थित होकर मिलकर दीपावली मनाना यह परंपरा उक्त स्कूल में पिछले पांच वर्षों से चली आ रही है। शिक्षक चन्द्रशेखर नाग ने कहा कि अपने स्कूल के प्रति प्रेम, अपने समाज में समरसता का भाव विकसित हो इसलिए प्रत्येक दीपावली में समस्त ग्रामवासी,शाला प्रबंधन समिति,समस्त शाला परिवार मिलकर विद्यालय में दीपावली मनाते हैं। प्रधानपाठक हीरालाल दास ने सभी को संबोधित करते हुए दीपावली उत्सव के महत्व को बताया।शिक्षक बैलोचन प्रधान ने सभी को पटाखे फोड़ते समय सावधानी बरतने को कहा। शिक्षक इंदर साहू ने सभी को आशीर्वचन प्रदान किया।

# स्व. संतोष अग्रवाल (प्रियंका मोबाइल, सक्ती) की स्मृति में विशाल जिला स्तरीय निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिन्द जाँच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 नवम्बर को

दबंग दुनिया ♦ सक्ती

स्व. संतोष अग्रवाल जी (प्रियंका मोबाइल) की स्मृति में विशाल जिलास्तरीय निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिन्द जाँच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिनांक 05 नवम्बर 2024 दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन कॉलेज के पास, सक्ती में किया गया है। इस शिविर में एम.जी.एम. नेत्र संस्थान रायपुर एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के ख्यातिलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का उपचार कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। राजकुमार अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एवं समस्त खरकिया परिवार सक्ती द्वारा आयोजित इस शिविर में बी.पी., शुगर एवं ब्लड टेस्ट की निःशुल्क सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

स्व. श्री संतोष अग्रवाल जी निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिन्द जाँच एवं स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अभिषेक कौशले (एमबीबीएस सिम्स, एमडी मेडिसिन), डॉ. अमोल पड़ेगांवकर (एमएसडीएनबी सर्जिकल ऑकालॉजी, सलाहकार व चिकित्सा विशेषज्ञ, अपोलो कैंसर सेंटर, बिलासपुर), डॉ. व्ही अरविन्द, एमसीएच न्यूरो सर्जरी, ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. योगेश कोटवानी (डीएनबी गंगाराम हास्पिटल, कान नाक गला वटिगी, चक्कर विशेषज्ञ), डॉ. मंदार गोकटे (मधुमेह व हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. आकाश गर्ग (लीवर रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशुतोष कुमार जायसवाल (बीडीएस डेंटल सर्जन) जैसे ख्यातिलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को उचित उपचार व मार्गदर्शन प्रदान



किया जाएगा। इस शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों के लिए मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन की पूरी व्यवस्था की गई है, मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए पूरी तैयारी के साथ आना और ऑपरेशन के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ में लाना भी अनिवार्य है। आने जाने और रहने के साथ ही भोजन की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है।

शिविर में पहुंचे मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से रायपुर स्थित एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जाएगा, जहां मोतियाबिंद के ऑपरेशन और चिकित्सकों के परामर्श उपरांत पुनः निःशुल्क बस सर्विस के द्वारा मरीजों को उनके आयोजन स्थल तक पहुंचाया जाएगा। आयोजनकर्ताओं द्वारा मरीजों के रूकने, आने-जाने, भोजन आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

शिविर में पंजीयन हेतु रितेश अग्रवाल 9300730731, मनीष कथुरिया 7000863563, आकाश अग्रवाल (मिन्टू) 9300792687, अनमोल गर्ग 8234079719, बंटी अग्रवाल (मालखरौदा) 9981630707, आदित्य अग्रवाल (राजा) 9301550255 और एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर मनीष 6264523310 से उनके नाम के साथ यहां दर्शाये गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। सक्ती की आन बान शान ग्रुप एवं बिहान हॉस्पिटल, सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार सक्ती द्वारा उक्त शिविर के आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

# अजय वर्गीस बने "छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक कल्याण संघ" के प्रदेश प्रवक्ता

दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक कल्याण संघ (3664) के प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से अजय वर्गीस को प्रदेश प्रवक्ता का यह दायित्व सौंपा गया।



श्री वर्गीस वतर्मान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेरम विकासखंड घरघोड़ा जिला - रायगढ़ में प्रधान पाठक के रूप में सेवारत हैं। प्रधान पाठक अजय वर्गीस ने कहा कि मिली जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूँगा एवं प्रांताध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के सहयोग से संगठनात्मक विकास के लिए कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने पद की गरिमा के अनुरूप कार्य संपादन करूँगा। अजय वर्गीस ने प्रदेश प्रवक्ता के पद पर नवाजे जाने और उन पर विश्वास जताने के लिए संगठन के प्रांताध्यक्ष सहित सभी प्रांतीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें साधुवाद दिया। हमारे संवाददाता गौरीशंकर गुप्ता के द्वारा संगठन का उद्देश्य पूछे जाने पर श्री वर्गीस ने बताया कि प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों के प्रधान पाठकों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए कार्य करना ही संगठन का उद्देश्य है। प्रधान पाठक अजय वर्गीस की इस उपलब्धि पर रायगढ़ जिला क्षेत्र के अलावा दूर-दूर से लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# जशपुर में फर्जी दस्तावेजों के सहारे बुलेट खरीदने वाले गिरोह का पर्दाफाश: दो गिरफ्तार, 10 बुलेट और एक स्कूटी बरामद

दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

जशपुर पुलिस ने एक बड़ी कारवाई में दस्तावेजों के धोखे से दुरुपयोग कर वाहनों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों शाहरूख खान और वसीम अकरम को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 10 बुलेट और एक स्कूटी बरामद की है।



## क्या है मामला?

आवेदक आशीष शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके नाम से एक वाहन फाइनेंस करा लिया गया है, जबकि उसने ऐसा कोई वाहन नहीं खरीदा था। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू की और पाया कि आरोपी शाहरूख खान और वसीम अकरम ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करके कई वाहनों को फाइनेंस कराया था और फिर उन्हें बेच दिया था।

## पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से 10 बुलेट और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शाहरूख खान के खिलाफ पहले भी ठगी के मामले दर्ज हैं।

## पुलिस अधीक्षक का बयान


पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि इस तरह के मामलों में पुलिस सख्त कारर्वाई करती रहेगी।

## आप क्या करें?

अपने दस्तावेजों की सुरक्षा करें। किसी भी अज्ञात व्यक्ति को अपने दस्तावेज न दें। वाहन खरीदते समय सभी दस्तावेजों को ध्यान से जांच लें। अगर आपको किसी तरह की धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया है तो तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं।

# रायगढ़ जिले की एक एसईसीएल कंपनी के मलाईदार विभागों में वर्षो से खुंटा गाड़े कर्मचारी चला रहे अपनी समानांतर सरकार?

» जांच ऐजंसियों द्वारा इनकी आय के स्रोत खंगाला जाए तो चौकाने वाले तथ्य हो सकते है उजागर ?



दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

एस.ई. सी. एल. कोयला खदान मे कार्यरत कई ऐसे कमर्चारी है जो वर्षोसे नेता गिरी के बूते पगार खा रहे है भ्रष्ट प्रबंधन व्यवस्था का भरपूर लाभ इसलिए ले पा रहे है जहाँ प्रबंधन भी भ्रष्टाचार के दलदल मे गोते लगा रही होती है क्या ऐसे भ्रष्टाचार कालरी कमर्चारीयों के विरूद्ध कार्यवाही होगी उल्लेखनीय है कि एस.ई. सी. एल. माइंस मे आज भी घर बैठे हाजिरी लगा लेनेपर से ड्यूटी पुरी हो जाती है कंपनी के छोटे से बड़े अधिकारी भी इनके कारनामा को जानते हुए भी इसलिए खामोश रहते है क्योकि उनका पोल ऐसे कर्मियों के पास होती है वर्कशॉप, खदान, ड्राईविंग एवं मशीनरी कल पुर्जे खरीदी जैसे जगहो पर कई ऐसे माइंस कर्मी है वर्षो से पदस्थ है जो एक दो महीने मे चार-पाँच बार कार्य स्थल पर अपना चेहरा दिखा देना पर्याप्त समझते है ऐसे हराम की कमाई खाने वालों की जमात मे ये नेता टाईप के लोग बिना कार्य किये वर्षो से बिना रोक टोक के वेतन ले कंपनी को खोखला बना रहे है वहीं नये-नये तरीके खोजकर अपनी जेब मरने कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैएस.ई.सी.एल. कंपनी मे और भी कुछ कमर्चारी है जो अपने नाते रिश्तेदारों के नाम से कोयला खदान मे भारी वाहनों को कोयला ढोने के अलावा दो नंबर का भी कोयला ढुलाई चुपचाप कर लिया जाता रहता है किन्तु एस.ई. सी. एल.से कंपनी मे तमाम भर्राशाही पर्याप्त होने के बावजूद प्रबंध तंत्र द्वारा इसओर ध्यान नही देने के कारण ही तरह -तरह की चर्चाएं आम लोगों की जुबानपर रहती है। यहां आपको बता देना भी उचित होगा कि एस.ई.सी.एल. कंपनी जो कमर्चारी दिखावे नाम पर ड्यूटी बजा रहे है कंपनी या खदान के आस-पास अपने नाम या बेनामी जमीन की खरीदी किये जाने की भी सूत्रों से जानकारी मिली है महसूस होता है कि शायद इनको नाते रिश्तेदार या इनके पुरखे नही है जो और कही जाना नही चाहते और सेवानिवृति होकर एस.ई.सी.एल. कंपनीयां के अगल-बगल आस-पास जमे रहना चाहते समय रहते ऐसे कॉलरी कर्मियों के आय-व्यय का स्त्रोत के बारे गहन छानबीन किया जाता है कंपनी को खोखला बनाने वाले सफेद पोश अधिकारी, कर्मचारी के चेहरे बेनकाब हो सकते है।

# जय इन्फोटेक कम्प्यूटर एजुकेशन टुण्डरा द्वारा प्रशिक्षार्थी सम्मान आयोजित

दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा

नगर टुण्डरा में वर्ष 2008 से जय इन्फोटेक कम्प्यूटर एजुकेशन गांधी मुहल्ला टुण्डरा में स्थापित है जिसका डायरेक्टर जयप्रकाश धीवर है जो अथक मेहनत कर संस्था को प्रसिद्धी तक पहुंचाया है, यहां उच्चगुणवत्ता पूर्ण कम्प्यूटर का प्रशिक्षण लगातार दिया जा रहा है,यहां से प्रशिक्षित बच्चे पारंगत हो कर ब्यवसायिक लाभ ले रहे हैं।संस्था के डायरेक्टर द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षित प्रतिभागियों को अपने पिता सुखीराम धीवर के मार्गदर्शन में सम्मानित किया गया।





इस संस्था द्वारा अब तक लगभग 1600 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण लाभ ले चुके हैं इन्ही में से 11 प्रतिभाशाली प्रशिक्षणार्थियों को उनके हुनर का आंकलन कर गिफ्ट दे कर सम्मान किया गया। जिनमें प्रथम पुरूष्कार लेपटाप देवकुमार साहू टुण्डरा, दूसरा फाइब जी मोबाईल दिनेश कुमार देवांगन, तीसरा फोर्जी मोबाईल संदीप कुमार, चतुर्थ खगेन्द्र दास,सीताराम पटेल, द्वारिका प्रसाद केंवट, सविता साहू, शेखर चौहान,प्रीती मानिकपुरी, पूर्णिमा मानिकपुरी, कृतिका खूंटे इन सभी को कालेज बैग प्रदाय किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भगवताचार्य योगेश महाराज जी शिवरीनारायण,एवं रविन्द्र केशरवानी अमित कम्प्यूटर सेंटर शिवरीनारायण,नगर अध्यक्ष मोती साहू, राजमहंत पुलस्ते घृतलहरे, पूर्व नगर अध्यक्ष गीता पटेल,संस्था संचालक जयप्रकाश धीवर,लखेश कुमार देवांगन, अमृतलाल साहू, कार्यक्रम संचालक टीकाराम साहू सहित भारी संख्या में नगरवासी शामिल रहे।

# हाथी की मौत के बाद हर अधिकारी का अपने बचाव में एक नया बयान



» इंसानों ने अपनी जमीन तो बांटी ही, वन्य जीवों को भी सीमाओं में कैद कर दिया

दबंग दुनिया ♦ करगीरोड कोटा

इंसानों ने अपनी जमीन तो खंड खंड बांट ही ली उस पर भी जरूरत पूरी नहीं हुई तो वन्य जीवों के अधिकार क्षेत्र में भी कब्जा कर लिया बाद में वोट बैंक के चक्कर में सरकार ने जंगलों में लोगों को पट्टे बांट दिए और बाकी जंगल को अधिकारियों ने अपनी सुविधा अनुसार कोर, बफर, वन ग्राम और राजस्व ग्राम में बांट लिया लेकिन इंसानों की इस खुराफाती को जंगल के बिचारे वन्य जीव क्या ही समझें। उन्हें क्या पता कि उन्हें जंगल के किस भाग में ही रहना है? कहां नहीं जाना है और अपने जंगल से कितनी दूर तक नहीं जाना है।

एटीआर के अधिकारियों का पसंदीदा शगल एटीआर के अंदर सीविल वर्क और स्टाप डेम तक ही रह गया है वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके आवास की बेहतरी के लिए कोई ठोस कार्य नहीं हो पाता नतीजा एटीआर के वन्य जीव बेमौत मारे जा रहे हैं। हद तो ये हो जाती है जब कोई वन्य जीव इंसानी दरिंदगी का शिकार होता है तो सभी जिम्मेदार विभाग के अधिकारी सबसे पहले ये देखते हैं कि वन्य जीव की मौत किस एरिया में हुई है और उस एरिया की जिम्मेदारी किसके उपर आती है।

एक दिन पहले ही एटीआर से लगे वन क्षेत्र में एक नर हाथी शावक ऐसे ही इंसानों के बिछाये बिजली के तार की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। इसके बाद एटीआर ने राहत की सांस ली कि ये मौत उसके एरिया में नहीं वन विभाग के एरिया में हुई है इसलिए उसने पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया और एक मीडिया को बयान दिया कि पैदल गार्ड ने जब झुंड में एक हाथी कम देखा तो गुम हाथी की तलाश शुरू की बाद में हाथी का शव एक खेत में मिला जिसके बाद उसने अधिकारियों को सूचना दी। गजब का बयान है साहब का। इस पैदल गार्ड को सम्मानित करना चाहिए जिसकी नजर जंगल के हर जीव के झुंडो में रहती है और फिर वो तलाश करते हुए अपनी सीमा से बाहर तक चले जाता है ।

वन मंडल के दुसरे जिम्मेदार अधिकारी ने भी एक मीडिया को जवाब दिया जहां हाथी की मौत हुई है वो जगह बिलासपुर वन मंडल में नहीं आता वह राजस्व का क्षेत्र है लेकिन हाथी की मौत हुई है इसलिए संपूर्ण कार्यवाही की जा रही है।

इससे भी बढ़िया और बचने वाला जवाब दिया वन मंडल के सीसीएफ साहब ने दिया उन्होंने तो अपने अधिकारियों का बचाव ये करते हुए कर लिया कि इतने बड़े क्षेत्र की निगरानी उनके द्वारा संभव नहीं है । जब अधिकारियों की मानसिकता ऐसी ही हो जाएगी तो फिर आप अधिकारियों से ये उम्मीद मत रखिए कि वो आपके जंगल बचा पाएंगे और वन्य जीवों की सुरक्षा कर पाएंगे।

एटीआर के एक एसडीओ तो इस बात से ज्यादा प्रसन्न है कि जिस एरिया में ये घटना हुई है वो एटीआर के एरिया से काफी दूर है।

अधिकारियों की यही गैर जिम्मेदारी वन्य जीवों की जान की दुश्मन बनी हुई है जब तक जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे ऐसे हादसे होते ही रहेंगे।

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस ने रखी अपनी मांगे, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर

जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज बलरामपुर में करते हुए गुरुचरण मंडल के हिरासत में जांच के दौरान पुलिस के बर्बरता पूर्ण में गुरु चंद मंडल की मौत को लेकर धरना दिया साथ ही प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था के मुद्दों को लेकर सरकार को जमकर कोसा शक्ति जिले के दामाखेड़ा में हुई घटना में कबीर पंथ के लोगों के उपर अकारण हुए हमले को लेकर सरकार को चिरनिद्रा से जागने को कहा।

धरना के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की बार-बार रवैया के कारण जो स्थितियां निर्मित हुई है वह चांद शर्मनाक है पुलिस हिरासत में ही इस मौत के लिए सरकार जिम्मेदार है और सतही जांच होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में हत्या और बलात्कार के मामले जिस तरह से बढ़े हैं, कानून और व्यवस्था सरकार की नियंत्रण से बाहर होचुकी है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने कहा की गुरु चंद मंडल के परिजनों को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी व मामले की जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से कराई जावे। हिरासत में हुई मौत पर कई प्रश्न खड़े हो रहे हैं इन प्रश्नों का जवाब पुलिस प्रशासन को देना चाहिए कांग्रेस ही नहीं प्रदेश के आम लोग भी हिरासत में हुई इस मौत पर सवाल खड़े कर रहे हैं प्रदेश में कानून और व्यवस्था सरकार और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। डॉ दिनेश यादव ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है आम जनजीवन परेशान है। समर बहादुर सिंह ने कहा कि बढ़ते अपराधों ने चिंता बढ़ा दी है बढ़ते अपराधों की वजह से हम लोग का जीना मुहाल हो गया है। कृपा शंकर ने बलरामपुर पुलिस के कृत्यो और पुलिस के रवैया की ओर ध्यान आकर्षित किया। आज धरना प्रदर्शन के दौरान अशोक सिंह राजू ,जितेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, पूर्णिमा कच्छप, सुबासो दिनेश कुजूर,हबीबुल्लाह,जीत गुप्ता सुनील भगत अर्जुन यादव व्यास मुनि यादव राजा साहू अमानत खान अजय नारायण गुप्ता वसीम खान राजा साहू व अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने सेन्दुर नदी के छठ घाट का निरीक्षण किया

दबंग दुनिया ♦ बलरामपुर



कलेक्टर रिमिजियुस एक्का और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील ने बलरामपुर से होकर गुजरने वाली सेन्दुर नदी के छठ घाट का दौरा किया और तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छठ समिति के सदस्यों से बातचीत की और जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने छठ घाट में स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात करने के साथ ही बलरामपुर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को छठ घाट की साफ-सफाई और समतलीकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और छठ घाट में पर्याप्त संख्या में पुरुष और महिला पुलिस बल तथा गोताखोरों की टीम लगाने को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था की जानकारी ली और पार्किंग की व्यवस्था उचित स्थान पर करने के निर्देश दिए। इस दौरान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रणवीर साय सहित छठ घाट समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# नवागढ़ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में खम्हारपाली की टीम ने मारी बाजी

दबंग दुनिया ♦ सरायपाली

नवागढ़ में फूलझर क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में टी - टेन क्रिकेट क्लब ओपन डुयज बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका 4 अक्टूबर को समापन हुआ,फाइनल मुकाबला खम्हारपाली और खैरमाल के मध्य खेला गया।जिसमें खम्हारपाली के टीम विजयी रही। विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष धनेश नायक ने नगद और शील्ड देकर सम्मानित किया ।



जानकारी अनुसार 31 अक्टुबर को क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की गयी थी,जिसमें 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मैच 04 नवंबर को खम्हारपाली और खैरमाल के बीच खेला गया। जिसमें खम्हारपाली की टीम विजयी रहे वही खैरमाल दूसरी स्थान पर रहे। फाइनल मैच में मेन ऑफ द सीरीज खम्हारपाली टीम के राज तांडी को दिया गया। वही मैन ऑफ द मैच कुणाल साहू ( खम्हारपाली ) को दिया गया। मुख्य अतिथि जनपद के पूर्व अध्यक्ष धनेश नायक ने कहा की खेल में कोई टीम हारती या जीतती नहीं हैं बल्कि सीखती हैं.खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है. खेल जीवन का आधार हैं. खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, हारने से द्वेष भावना नहीं रखना चाहिए। यह हार जीत का ही खेल है, 5 दिनों तक चले क्रिकेट प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया था,सभी टीमें अपने-अपने टीम को जितने प्रयासरत रहे। फाइनल मुकाबला 4 अक्टूबर को खेला गया जिसमें खम्हारपाली की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैच को अपने नाम किया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री कामता पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल आज भी क्रिकेट खेल को खेल प्रेमी जीवित रखे हैं यह बड़ी बात है, कई खेल तो लुप्त होने की कगार पर पहुंच गया है लेकिन क्रिकेट चाहे टीवी में चल रहा हो या गांव में प्रतियोगिता का आयोजन हो, ग्रामीण लोग बहुत ही उत्सुकता के साथ देखते हैं,हर गांव के लिए क्रिकेट प्रिय खेल बन चुका है.खेल का आयोजन करना भी ग्रामीण अंचल में अब नगण्य हो गया है। लेकिन आज भी गांव में क्रिकेट खेल में खिलाड़ियों की प्रतिभा लोगों में देखते बनता है। सही मैदान व जगह के अभाव में भी ग्रामीण आज भी क्रिकेट खेल को जीवित रखें है।



## राज्योत्सव में महिला बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी मुख्य अतिथि

बलरामपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 5 नवंबर 2024 को जिला मुख्यालय बलरामपुर के हाईस्कूल ग्राउण्ड में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

Scanned with OKEN Scanner

## सार.समाचार



### एसपी निकले भ्रमण पर

देवास। नवागत पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने पदभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को स्थानीय सयाजी द्वार से एमजी रोड पर शहर भ्रमण किया और शहर के हालात जाने। पुलिस अधीक्षक के साथ एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया सहित पैदल मार्च में कोतवाली थाने का फोर्स भी भ्रमण पर निकला। श्री गेहलोत ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों से शहर की स्थिति के बारे में भी जानकारी हासिल की।



### 5450 क्विंटल बीज/अनाज अवैध रूप से रखा पाये जाने पर गोदाम को किया सील

देवास। कृषि विभाग के जिलास्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा मेसर्स देवश्री एग्रो चिड़ावद भण्डारण रूची वेअर हाउस सिया देवास प्रोप्रायटर देवेन्द्र पलातिया का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान चिड़ावद के निजी विक्रेता के यहां से लगभग 5450 क्विंटल बीज एवं अनाज अवैध रूप से रखना पाया गया। अनाज अवैध रूप से रखना पाये जाने पर बीज अधिनियम 1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 का स्पष्ट उल्लंघन होने से गोदाम को सील किया गया। कार्यवाही के दौरान अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, सहायक संचालक कृषि लोकेश गंगराड़े उपस्थित थे।

### शतरंज प्रतियोगिता कल

देवास। देवास जिला शतरंज संघ द्वारा शहर में दसवीं जिला शतरंज प्रतियोगिता दिनांक 27 अक्टूबर को शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय पर आयोजित होगी आयोजित की जा रही है। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुधीर पंडित ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर 11, अंडर 14, अंडर 18 और सीनियर वर्ग में खेली जाएगी है। प्रतियोगिता की इंट्री फीस 200 रखी गई तथा टोटल केश प्राइज 50000 रू रखी गई है।

### आवेदन 25 तक आमंत्रित

देवास। वर्ष 2025-26 की नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यम वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के लिए अशासकीय विद्यालय एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से 25 नवंबर 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक के नवीन मान्यधता, मान्यता नवीनीकरण, माध्यम वृद्धि, पता परिवर्तन एवं विषय वृद्धि के आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगे। अशासकीय विद्यालयों से प्राप्त आवेदनों को मध्यप्रदेश माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता नियम अन्तर्गत निराकृत किया जाएगा।

**ग्राम खेरिया जागीर, कुमारिया बनवीर तथा पटाड़िया नजदीक में ग्राम चौपाल लगाकर विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

# दौरे पर सख्त हुए कलेक्टर, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**खेरिया जागीर तथा पटाड़िया नजदीक में जल जीवन मिशन में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार टर्मिनेट, बीईओ को कारण बताओ नोटिस, कुमारिया बनवीर में डीपीसी को स्कूल तथा सीएचएमओ को अस्पताल निरीक्षण के दिए निर्देश**

दबंग दुनिया ♦ पीपलरावां

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार को ग्राम खेरिया जागीर, कुमारिया बनवीर तथा पटाड़िया नजदीक में ग्राम चौपाल लगाकर विभाग के कार्यों की समीक्षा की तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। सर्वप्रथम कलेक्टर गुप्ता ग्राम खेरिया जागीर पहुंचे। जहां उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। ग्रामीणों से स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी, स्कूल, खाद्यान्न, उचित मूल्य की दुकान के संबंध में चर्चा की।

ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में लापरवाही की शिकायत मिलने पर पीएचई एसडीओ विजय सिंह रावत को ठेकेदार को टर्मिनेट करने के निर्देश दिए। साथ ही सचिव शेरूसिंह परिहार व सहायक सचिव गणेश योगी को लक्ष्य अनुसार रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर गुप्ता ने अमृत



संचय अभियान अंतर्गत बनाए गए बोरी बंधान का निरीक्षण किया तथा बोरी बंधान में नवाचार किए जाने पर सरपंच महेंद्र सिंह चौहान की प्रशंसा की।



### बीईओ को कारण बताओ नोटिस तथा बिजली विभाग की शिकायतें सुन अधिकारियों पर हुए नाराज

कलेक्टर गुप्ता ने पटाड़िया नजदीक में भी विभागीय कार्यों की समीक्षा की। सरपंच जयेंद्र सिंह मकवाणा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। साथ ही गांव में शासकीय प्राथमिक स्कूल में मात्र एक शिक्षक होने तथा जल जीवन मिशन में लापरवाही होने की समस्या कलेक्टर गुप्ता को बताई। जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने संतोषजनक जवाब नहीं देने पर बीईओ सोनकच्छ को कारण बताओ नोटिस देने तथा पीएचई के ठेकेदार को टर्मिनेट करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने गांवों के बीचोंबीच स्थित नाले के कारण आ रही समस्या से कलेक्टर गुप्ता को अवगत कराया, जिस पर सेतू निगम को पुल बनाने का प्रस्ताव बनाने को कहा। ग्रामीणों ने सबसे ज्यादा शिकायतें बिजली विभाग की लापरवाही की की, जिस पर कलेक्टर गुप्ता ने डीई सोनकच्छ आनंद अहीरवार पर नाराजगी जताते हुए अगले दिन समस्याओं के तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय हाईस्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला सीईओ हिमांशु प्रजापति, एसडीएम प्रियंका मिमरोट, नायब तहसीलदार योगेंद्र सिंह राठौर, खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा, सहायक यंत्री भरत भूषण पंवार, एसएडीओ टीएस परिहार, सहायक यंत्री परिधि दरगड़, पंचायत समन्वयक श्रीराम व्यास, बीआरसी सुनील राठौर सहित विभागीय अधिकारी - कर्मचारी मौजूद थे।

### डीपीसी तथा सीएचएमओ को निरीक्षण करने के निर्देश



कलेक्टर गुप्ता ग्राम कुमारिया बनवीर पहुंचे, जहां उन्होंने आशा कार्यकर्ता से स्वास्थ्य विभाग के संबंध में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों द्वारा शासकीय स्कूलों में पढ़ाई नहीं होने की शिकायत मिलने पर डीपीसी तथा सीएचएमओ को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने खाद भंडार गृह बनाने की मांग की। साथ ही राशन दुकानों से राशन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर गुप्ता ने उपभोक्ताओं को राशन, विशेषकर चावल, नहीं बेचने तथा महिलाओं के आहार के लिए सर्वोत्तम बताया। सचिव देवेंद्र सेंधव व सरपंच छोटेलाल टेलर को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए।

## नेहा चौधरी को महिला एवं बाल विकास विभाग सोनकच्छ का अतिरिक्त प्रभार



दबंग दुनिया ♦ सोनकच्छ

प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से नेहा चौधरी, सांख्यिकी अन्वेषक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला देवास, को महिला एवं बाल विकास विभाग सोनकच्छ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।

नेहा चौधरी ने शुक्रवार को सोनकच्छ कार्यालय पहुंचकर अपना प्रभार संभाला और आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास खंड में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा की। चौधरी के कार्यालय पहुंचने पर विभाग के राधेश्याम मालवीय, रितु ठाकुर सुपरवाइजर, वर्षा निकम, फिरदौस शेख सुपरवाइजर, प्रतिभा बघेल सुपरवाइजर, कल्पना जोशी सुपरवाइजर आदि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने शासन की चल रही योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## फर्जी पट्टे जारी करने पर पूर्व सरपंच के विरुद्ध पुलिस ने किया धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बिना ठहराव प्रस्ताव एवं बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अवैध पट्टे बांटने का आरोप**

दबंग दुनिया ♦ पीपलरावां

**नगर परिषद सीएमओ की शिकायत पर पूर्व सरपंच मनोरमा पति देवनारायण टेलर पर किया प्रकरण दर्ज**

ग्राम पंचायत पीपलरावां की पूर्व सरपंच पर सीएमओ की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बुधवार को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति, बिना ठहराव प्रस्ताव के शासकीय भूमि पर अवैध रूप से फर्जी पट्टे बांटने पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजेंद्र पिता तोलाराम यादव उम्र 46 वर्ष, सीएमओ नगर परिषद पीपलरावां ने शिकायत आवेदन पत्र पुलिस थाने पर प्रस्तुत करते हुए बताया कि नगर परिषद के गठन के पूर्व पीपलरावां में ग्राम पंचायत कार्यरत थी। ग्राम पंचायत पीपलरावां की तत्कालीन सरपंच मनोरमा पति देवनारायण टेलर ने अपने कार्यकाल के पश्चात सरपंच पद से हटने के बाद अपने पद का दुरुपयोग करके अवैधानिक रूप से




अपने हित के लिए अवैध लाभ लेकर पीपलरावां की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 1390/2, 1371 एवं 1561 पर बिना किसी ठहराव प्रस्ताव, बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति तथा ग्राम पंचायत के सचिव के हस्ताक्षर के बिना राजाराम पिता भैराजी, कला उर्फ कमलाबाई पति कालु, बालू पिता किशन तथा देवीलाल पिता लालजीराम सभी निवासी पीपलरावां आदि को फर्जी पट्टे जारी किए।

पट्टेधारकों के द्वारा उक्त सर्वे की शासकीय भूमि पर कब्जा करके मकान आदि बना लिए गए। तत्कालीन सरपंच मनोरमा टेलर के द्वारा जारी किए गए इन फर्जी पट्टों की जांच अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनकच्छ, नायब तहसीलदार टप्पा पीपलरावां तथा नगर परिषद के द्वारा भी की गई, जिसमें तत्कालीन सरपंच मनोरमा टेलर के द्वारा जारी किए गए ये पट्टे अवैध पाए गए। मामले में पुलिस ने तत्कालीन सरपंच मनोरमा पति देवनारायण टेलर के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467 तथा 468 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नवागत थाना प्रभारी डावर ने संभाला पदभार

**मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और जरूरतमंद की सहायता**

दबंग दुनिया ♦ बागली

नवागत थाना प्रभारी श्रीमती हिना डावर ने पदभार संभाल लिया है। डावर ने पदभार ग्रहण करने के पूर्व सर्वप्रथम भगवान जटाशंकर महादेव के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। पत्रकारों से मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि पुलिस



और जनता के बीच परस्पर संवाद और बेहतर रिश्ते से अपराध पर नियंत्रण पाया जा सकता है। यदि पुलिस जनता के सहयोग के लिए तत्पर है, तो जनता भी पुलिस के सहयोग के लिए उतनी ही तत्परता दिखाएगी। इसके पूर्व वह काटाफोड़, खंडवा, उज्जैन, जावर और भोपाल में भी पदस्थ रह चुकी हैं। डावर ने बताया कि जरूरतमंद की सहायता, अपराध पर नियंत्रण, क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखना और पीड़ित को न्याय दिलाना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। पत्रकार सोमेश उपाध्याय, सुनील जायसवाल, अजय उपाध्याय आदि ने भेंट के दौरान नगर की भौगोलिक स्थिति बताते हुए महत्वपूर्ण स्थलों की जानकारी दी।

## सरिये का तीन दिन बाद भी कोई मालिक सामने नहीं आया

**बगैर जीएसटी बिल बिल्टी के मिला था सरिया, पुलिस ने किया था जब्त**

दबंग दुनिया ♦ सोनकच्छ

देवास जीएसटी विभाग ने बगैर बिल बिल्टी के अवैध लोहे के सरिया से भरा ट्रक तीन दिन पहले बुधवार को पकड़ा था, जिसे विभाग द्वारा सोनकच्छ पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक उक्त सरिया का मालिक जीएसटी विभाग नहीं पहुंचा है। ट्रक अभी भी स्थानीय थाने पर खड़ा है। उक्त ट्रक मंडीदीप से उज्जैन जा रहा था। देवास जीएसटी विभाग के अधिकारी योगेश जाटवा, अस्सिटेंट कमिश्नर ने बताया कि बुधवार सुबह सूचना मिली थी कि भोपाल मंडीदीप की ओर से ट्रक क्रमांक एमपी एचजी 9366 में लोहे के सरिये भरकर उज्जैन की ओर जा रहा है। इसे सोनकच्छ हाईवे पर रोककर सरिये के वैध बिल बिल्टी मांगे गए, जिस पर ड्राइवर किसी भी तरह के आवश्यक कागजात नहीं दिखा पाया था। इस पर ट्रक को जब्त कर सोनकच्छ पुलिस थाने पर खड़ा किया गया। विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर ड्राइवर से पूछताछ की गई, जिसमें ड्राइवर किशोर ने अधिकारी को बताया कि उसने मंडीदीप से सरिया भरा था और सरिया उज्जैन में उतारना है। अस्सिटेंट कमिश्नर योगेश जाटवा ने बताया कि विभाग द्वारा सरिये के मालिक की जानकारी निकाली जा रही है।




**शासन से मिली स्वीकृति, विधायक पवार ने निर्माण स्थल का किया निरीक्षण**

# देवास में बनेगा एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक

दबंग दुनिया ♦ देवास

देवास को अन्तर्राष्ट्रीय मापदण्ड के अनुरूप 08 लेन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक की सौगात मिलने जा रही है। शासन से 9.44 करोड़ रुपए की लागत बनने वाले खेल और युवा कल्याण विभाग को स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मापदंडों के एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रेक की स्वीकृति मिल गई है। विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार ने प्रस्तावित सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रेक के निर्माण स्थल का निरीक्षण कर ट्रैक के ड्राइंग /डिजाइन का अनुमोदन कर इंजीनियरों एवं



अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स ट्रैक निर्माण के पश्चात देवास के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देवास का नाम गौरवान्वित करेंगे। विधायक श्रीमती पवार ने भविष्य में कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में निर्मित होने वाले सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रेक के दोनों ओर नवीन पैवेलियन निर्माण व निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप 50 मीटर स्वीमिंग पूल का निर्माण मय डाईविन फैसेलिटी हेतु नवीन प्रस्ताव के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। निर्धारित मापदंड के अनुरूप स्विमिंग तथा अन्य ह्हएक्वा स्पोर्टसह्व की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस संबंध में भी प्रयास जारी है।

## देवास, बागली एवं हाटपीपल्या में विभिन्न फर्मो से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर भोपाल भेजे

दबंग दुनिया ♦ देवास

देवास जिले में त्यौहारों पर नागरिकों को मिलावट रहित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ प्राप्त हो इसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही के लिए गठित दल द्वारा नमूने लेने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी के तहत तहसीलदार श्रीमती सपना शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर, नापतोल निरीक्षक श्याम दुबे द्वारा नवीन मिल्क प्रोडक्ट्स देवास से गुलाब जामुन, मावा एवं मिल्क केक, श्री सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट बिलावली बायपास चौराहा देवास से कटलस मिठाई, मावा बर्फी एवं नमकीन सेंव, विशाल मेगा मार्ट देवास से देशी घी, बेसन एवं पोहा के नमूने लिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश वास्केल द्वारा मधुरम स्वीट्स कन्नौद से रबड़ी एवं पेढ़ा, गोपाल कचोरी कार्नर कन्नौद से मावा लड्डू, कटलस मिठाई, यादव दूध डेयरी कन्नौद से मावा, मिल्क, बिंजवा दूध डेयरी कन्नौद से मावा के नमूने एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवास श्रीमती वैशाली सिंह द्वारा बालाजी मावा भंडार चापड़ा से मावा (लूज), शर्मा स्वीट्स हाटपीपल्या से नमकीन सेंव, मावा, मावा कतली, कटलस, अजवाईन बिस्किट, राजस्थानी स्वीट्स एण्ड नमकीन देवगढ़ चौराहा हाटपीपल्या से मलाई बर्फी, मावा कतली, बीकाजी नमकीन सोनपपड़ी, काजू कतली, बेसन लड्डु, मुनोत किराना हाटपीपल्या से मैदा, रवा, साबूदाना एवं बेसन, पटेल स्वीट्स एण्ड डेयरी से मावा कतली एवं कलाकंद के नमूने लिये गये। सभी नमूनें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये हैं।



Scanned with OKEN Scanner

# घरघोड़ा की जीवन दायिनी बगमुड़ा तालाब का अस्तित्व खतरे में



दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा

घरघोड़ा नगर पंचायत अंतर्गत घरघोड़ा के हृदय पर बगमुड़ा तालाब स्थित है जो कि घरघोड़ा की जीवन दायनी मानी जाती है बगमुड़ा तालाब की बात करें तो घरघोड़ा के 80% निवासी निस्तारी के लिए बगमुड़ा तालाब का उपयोग विगत 80 वर्षों से करते आ रहे हैं परंतु आज बगमुड़ा तालाब की दयनीय स्थिति बनी हुई है यदि ऐसी स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में घरघोड़ा के निवासियों को निस्तारी के लिए बहुत ही ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है आपको बताना चाहेंगे कि घरघोड़ा के मध्य हृदय स्थल पर दो तालाब स्थित है एक पर्री तालाब तो वही दूसरी बगमुड़ा तालाब स्थित है पर्री तालाब की बात करे तो जलकुंभियों से ढकी है और पूर्व में उक्त तालाब का गहरीकरण करने के लिये कई बार नगर पंचायत के माध्यम से सरोहर धरोहर योजना के तहत राशि आहरण किया गया है परंतु हमेशा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है और वतर्मान में धरातल पर किसी भी प्रकार का काम देखने को नहीं मिला है और कभी गलती से कोई ठेकेदार ईमानदारी से काम कर दिया तो नगर पंचायत उसका भुगतान नही करती है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी वतर्मान में भी ठेकेदार का भुगतान रोक दिया गया है जिसके कारण तालाब की गहरीकरण व सौन्दरी करण का कार्य रुका हुआ है तालाब का रुका कार्य जल्द नही कराया गया तो जलकुंभी पूरी तालाब पर फैल चुकी होगी और आने वाले दिनों में घरघोड़ा के निवासियों को निस्तारि के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ेगा अब देखना यह है कि समाचार चलने के पश्चात नगर पंचायत घरघोड़ा उक्त समस्या का समाधान कैसे करती है।

# घरघोड़ा क्षेत्र में उद्योगों की चिमनियां उगल रही धुंआ रूपी जहर, जल, जंगल, जमीन हो रहे नष्ट

दबंग दुनिया ♦ घरघोड़ा



क्षेत्र में पर्यावरण की हालत दिनों-दिन बिगड़त जा रही है जल, जंगल, जमीन सभी नष्ट हो रहे हैं पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरे से सभी अच्छी तरह वाकिफ हैं, इसके बावजूद हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं पर्यावरण का संतुलन बन रहे इसका एक ही उपाय है। इन खतरों को टालने के लिये अपनी प्रकृति को सहेजना होगा। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाया गया तो क्षेत्र को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सर्वत्र पर्यावरण के बिगड़ते स्वरूप का असर देखा जा रहा है। पर्यावरण पुरी तरह बिगड़ गया है इसमें दो राय नहीं है कि क्षेत्र में लगातार हो रही औद्योगिक प्रगति ने यहां के स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण को बिगाड़ कर रख दिया है आज से करीब दो दशक पूर्व गर्मी का दिन एक पंखे से चल जाया करता था । बारिश भी अच्छी होती थी और ठंड का मौसम भी राहत पहुंचाता था पर आज की बात और ही अलग है । अब पर्यावरण पुरी तरह गरमा गया है इतनी गर्मी पड़ रही है कि एसी भी कमजोर पड़ जा रही है गर्मी को रोकने में। वहीं ठंड के मौसम में ठंडी की कारण मौत हो जाती है। बारीश इतनी हो रही है कि बाढ़ आ जा रही है। इस सबका जिम्मेदार कौन है? पर्यावरण असंतुलन है! यह सब दृश्यमान है कि जल, जंगल, जमीन पर बुरी तरह उद्योगों का कब्जा है। इन उद्योगों की चिमनियों से निकलने वाला धुंआ घरों की छत पर कालिख पोत रहा है। अभी भी वक्त है प्रयास करें तो हमारा पर्यावरण संभल सकता है। प्रशासन उद्योग की खबर लें, औद्योगिक प्रदूषण को लेकर सचेत हो इस तरह की पहल सभी तरफ होनी चाहिए। अधिक से अधिक पेंड़ लगाने के विषय में कार्य होना चाहिए जितने पेड़ लगेंगे उतनी हरियाली होगी। हरियाली की वजह से प्रदूषण समाप्त होगा, वहीं जिला क्षेत्र में और उद्योग स्थापित होने की दस्तक सुनाई दे रही है।

# अज्ञात कारणों से फांसी पर झुला युवक

दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा



नगर टुण्डरा में एक नवयुवक शरद कुमार साहू उम्र 20 वर्ष जो कि शत्रुहन साहू वार्ड 14 के निवासी के अकेला सुपुत्र थे ,वह लक्ष्मी पूजन में एवं मूर्ति विसर्जन जुलूस कार्यक्रम में भला चंगा शामिल थे। अचानक बीच रस्ते से विसर्जन जुलुस से वापस अपने घर पहुंच कर लगभग 8 बजे कमरे में पंखे लगने वाले हूक से रस्सी से फंदा लगा कर झूल गया। अकस्मात इस तरह हरकत कर लेने का परिवार को भनक नहीं लग पायी। कुछ देर बाद उनके पिता पता चलने पर आनन फानन में रस्सी काट कर उतारा गया एवं अन्य लोगों को सूचित किये एवं तत्काल अस्पताल कसडोल ले जाया गया , जहां जांच करने पर डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। अधिक रात हो जाने पर कसडोल के मरच्यूरी में रखा गया था जिसे अगली सुबह पुलिस विभाग द्वारा विधिवत पंचनामा व पोष्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया गया। गृह ग्राम लाकर अंत्येष्टि किया गया। अचानक आत्मघाती कदम उठा लेने से नगरवासी हतप्रद हैं, किसी को कोई समझ नही आ रहा है। आगे पुलिस जाच उपरांत ही कारणों का सही पता लग सकेगा।

# अधिवक्ता संघ भटगांव प्रभुदयाल साहू के दादी के दशगात्र में हुये शामिल



दबंग दुनिया ♦ टुण्डरा/भटगांव

आज ग्राम मोहतरा न में अधिवक्ता प्रभुदयाल की दादी मां का दशगात्र कार्यक्रम था जिसमें अधिवक्ता संघ भटगाव के सदस्य शामिल हो कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अधिवक्ता हिमकर दुबे अध्यक्ष अधिवक्ता संघ भटगाव , अधिवक्ता फिरितलाल खटकर, अधिवक्ता विजय देवांगन, अधिवक्ता विजय साहू, सहित अन्य बंधु एवं अंचलवासी भारी संख्या में पहुंच कर दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना ब्यक्त किये। उक्त जानकारी अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता फिरितलाल खटकर ने दी।

# पत्थलगांव की रिंकी गुप्ता को दिल्ली में ब्राइडल मेकअप का अवार्ड यह रिश्ता क्या कहलाता है की अभिनेत्री (अक्षरा) हिना खान के द्वारा मिला

दबंग दुनिया ♦ पत्थलगांव



रायगढ़ रोड कोयला फैक्ट्री गली में रहने वाली वंशिका ब्यूटी पार्लर की संचालिका श्रीमती रिंकी गुप्ता मेकअप के क्षेत्र में सन 2015 में कदम रखा और अपने बलबूते इस क्षेत्र में अपने पांव जमाये महिलाओं का श्रृंगार शादी विवाह में दुल्हन मेकअप रिंग सेरेमनी मेकअप हल्दी मेकअप आदि कर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई इनके द्वारा बांडी पॉलिश परमानेंट स्टेट, फेशियल, ब्लीचिंग, कटिंग फेयर स्पा बहुत सारे कार्य किए गए इनके द्वारा कान का छेद भी बंद किया जता है महिला होकर इन्होंने हिम्मत नहीं हारी अपने बलबूते अपने हौसलों की उड़ान भरी अपना अलग नाम कमाया पहचान बनाई 30 सितंबर को दिल्ली ब्राइडल मेकअप प्रतियोगिता में इन्होंने भाग लिया जिसमें इन्हें पहला स्थान प्राप्त किया जिसके लिए इनको फरीदाबाद दिल्ली में आयोजित सेमिनार में सुप्रसिद्ध टीवी सीरियल कलाकार अभिनेत्री यह रिश्ता क्या कहलाता है कि अभिनेत्री (अक्षरा) हिना खान के द्वारा शिल्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया दिल्ली में सम्मानित होने पर पत्थलगांव महिला मंडल एवं क्षेत्र की महिलाओं ने उन्हें बधाई दी।

# प्रदेश में अराजकता व अशांति के लिए कांग्रेस कर रही षडयंत्र : भूलन सिंह मरावी



## » सूरजपुर नपा अध्यक्ष के ईशारे पर बाहरी लोगों के हस्तक्षेप से, बढ़ा भ्रष्टाचार- बाबूलाल अग्रवाल

दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश मे कांग्रेस द्वारा अराजकता व अशांति फैलाने सहित अन्य मुद्दे को लेकर भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे पत्रकार वार्ता आयोजित कर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी है कांग्रेस पदाधिकारी षडयंत्र के तहत समूचे प्रदेश मे अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। बलौदाबाजार या सूरजपुर सहित कई घटनाओं मे कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारियों की संलिप्तता दिख रही है। श्री मरावी ने कहा कि नगर पालिका सूरजपुर मे जिस तरह निकाय के संपत्ति का बंदरबांट किया जा रहा है वह पूरी तरह अवैधानिक है। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेसी सत्ता के बगैर छटपटा रहे हैं। आज पूरे प्रदेश मे जितनी भी घटनाएं घटित हुई उसमें कांग्रेस व एनएसयूआई पदाधिकारियों की संलिप्तता मिली है। कांग्रेस के पदाधिकारी विष्णुदेव साय सरकार को बदनाम करने इस तरह का षड्यंत्र कर रहे हैं। श्री प्रकाश मुनि साहेब के साथ अभद्रता मे शामिल युवक भी कांग्रेस का सक्रिय पदाधिकारी है। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका सूरजपुर मे बड़े पैमाने पर अनियमितता व भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निकाय मे बाहरी व्यक्तियो द्वारा नियमों को ताक पर रखकर दुकानों का आबंटन कर दिया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगरपालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा हाईटैक बस स्टैण्ड सूरजपुर में स्वावलंबन योजना के तहत सन 2023 में कुल 54 दुकानों का निर्माण कराया गया था। जिसमें से निर्माण के समय से ही 2 दुकानों को नगरपालिका अध्यक्ष के द्वारा बिना किसी प्रकिया का पालन किए बिना अपने चहेतों को दे दिया गया था। शेष 52 दुकानों को आबंटित करने हेतु गरीबी रेखा में रहने वाले लोगों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था तथा नगरपालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा नियमानुसार अधिकारियों की उपस्थिति में ड्रा पद्धति से शासन के कमर्चारीतो के द्वारा आम जनता से एक-एक पर्ची निकालकर ड्रा प्रकिया का पालन करना था परन्तु उपरोक्त आबंटन प्रक्रिया में शासन द्वारा नियुक्त सभी अधिकारी मूक दर्शक बने रहे तथा पूरी प्रक्रिया का संचालन नपा अध्यक्ष का संरक्षण प्राप्त एक दो बाहरी व्यक्ति द्वारा किया गया जो घोर आपत्तिजनक है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया है। इस दौरान जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल (अज्जू), रामानुजनगर जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी संस्कार अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर तिवारी, रितेश जायसवाल, मंडल महामंत्री आनंद सोनी, वार्ड पार्षद अजय सिंह, सुरेंद्र देवांगन, किशन देवांगन, संजू सोनी मौजूद रहे।

# महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में होगा राज्योत्सव कार्यक्रम

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर बलरामपुर-रामानुजगंज जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 05 नवम्बर दोपहर 01 बजे से महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की मुख्य आतिथ्य में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट आतिथ्य के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती राधा देवी सिंहदेव, जनपद अध्यक्ष बलरामपुर विनय पैकरा तथा नगर पालिका परिषद बलरामपुर की अध्यक्ष श्रीमती सुन्दरमनी मिंज शामिल होंगे।

# इकलौते बेटे की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, शोक-पत्र बांटने निकले युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

दबंग दुनिया ♦ कुनकुरी



चराईडांड-बगीचा स्टेट हाइवे पर आज सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। अपने चचेरे दादाजी की मृत्यु के शोक में शोक-पत्र बांटने निकला इकलौता बेटा, नवीन कुमार सिंह उर्फ नंदू सिंह (25 वर्ष) की इस हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उसके साथ बैठे शिवप्रकाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें कुनकुरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना दोपहर करीब 3 बजे की है, जब नवीन और शिवप्रकाश सिंह बाइक पर सवार होकर अपने गांव बरडांड (पतराटोली) से शोक-पत्र बांटने निकले थे। थाना प्रभारी सुनील सिंह के अनुसार, चराईडांड चौक से बगीचा रोड पर 100 मीटर आगे एक पिकअप वाहन से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नवीन कुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि शिवप्रकाश को गंभीर चोटें आई हैं। पिकअप चालक फरार, वाहन पर नहीं था नंबर हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया, और पुलिस को दुर्घटना स्थल पर बिना नंबर की पिकअप मिली। यह जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और फरार पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।इस घटना के तुरंत बाद चराईडांड के सरपंच किशोर लकड़ा ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। सरपंच ने कहा कि हादसा अत्यंत दुखद है और उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।नवीन कुमार सिंह की असमय मृत्यु से परिवार और गांव के लोग गहरे सदमे में हैं। नवीन परिवार का इकलौता बेटा था, और अपने चचेरे दादाजी दिगम्बर सिंह के शोक में शोक-पत्र बांटने निकला था। इस दुखद हादसे ने सभी को भावुक कर दिया है, और क्षेत्र में शोक का माहौल है।पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सड़कों पर विशेष सावधानी बरतें। पिकअप चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, और उम्मीद है कि जल्द ही दोषी को हिरासत में लिया जाएगा।इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। नवीन की असामयिक मौत ने न केवल परिवार बल्कि पूरे समुदाय को स्तब्ध कर दिया है। पुलिस द्वारा इस मामले में त्वरित कारर्वाई से लोगों में न्याय की उम्मीद बनी हुई है।

# कुदरगढ़ स्थित मां बागेश्वरी की धाम में पुलिस आरक्षक राजेश पटेल ने दीपावली पर जलाये 21 सौ दीये

दबंग दुनिया ♦ सूरजपुर



कुदरगढ़ स्थित मां बागेश्वरी की धाम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस के आरक्षक ने दीपावली पर 21 सो दियो से जगमग कराई आरक्षक राजेश पटेल हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुदरगढ़ धाम में 21 सो दियो से पूरे मंदिर परिसर को जगमग करायावे इस तरह हर वर्ष कुछ न कुछ नया करते रहते है। पटेल इस दौरान नीचे देवी मंदिर की सीढ़ी से लेकर ऊपर स्थित माता की मंदिर तक करीब 2100 दिया जला कर रौशनी की जो उस क्षेत्र में चर्चा का सबब रहाश्री पटेल बंदरों को दाना देने को लेकर भी सुखियों में रहे है।

# रेफर सेंटर बना सक्ती जिला मुख्यालय का सीएचसी

## » मोतियाबिंद आपरेशन होना हुआ मुश्किल

## » एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के न होने से आपातकालीन सर्जरी होने लगी प्रभावित

दबंग दुनिया ♦ सक्ती





जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर अपनी सेवा दे रहे थे समुचित संसाधन के बीच सिजेरियन प्रसव और मोतियाबिंद आपरेशन का कीतिर्मान स्थापित कर रहा था जिला सक्ती का मुख्यालय स्थित सीएचसी तो स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तर में जिला प्रशासन के साथ साथ यूनिसेफ भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा था किंतु वतर्मान स्थिति में जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर की कमी हो चली है मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सरजू राठिया एनेस्थीसिया विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शीतल दास मानिकपुरी नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शगुफ्ता अमीन का अन्यत्र पोस्टिंग हो जाने से सीएचसी सकती में संचालित गहन चिकित्सा यूनिट आईसीयू में मरीजों का उपचार हो रहा प्रभावित गंभीर बीमारी के इलाज हेतु किया जा रहा रेफर नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शगुफ्ता अमीन के अन्यत्र पोस्टिंग हो जाने से मोतियाबिंद आपरेशन सेवा हो रही प्रभावित वहीं निश्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ शीतल दास मानिकपुरी के अन्यत्र पोस्टिंग हो जाने सिजेरियन आपरेशन सामान्य आपरेशन प्रभावित होने लगा है ऐसा नहीं कि मोतियाबिंद आपरेशन पूर्णतः बाधित हो जाएगा मोतियाबिंद आपरेशन के लिए नेत्र सर्जन डॉ शिवांगी रंजनी वतर्मान सीएचसी में कार्यरत है किन्तु स्वास्थ्य विभाग इन नेत्र सर्जन की 7 माह का वेतन भुगतान साथ ही मोतियाबिंद आपरेशन हेतु आवश्यक औषधि कन्सूयमेबल की उपलब्धता हेतु लापरवाही बरत रही है इसी परिस्थिति से प्रभावित हो रहे है अस्थि रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ बादल इक्का जिन्हें अपनी ज्वाइनिंग से लेकर आज दिनांक तक 3 माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है विशेषज्ञ चिकित्सकों को समय पर वेतन और चिकित्सकीय सामग्रियों की समय पर उपलब्धता न का खामियाजा आम जनों को भुगताना पड़ रहा है।

Scanned with OKEN Scanner



## विंटर ट्रेंड में रहेगा टेलर्ड सूट, वेल्वेट, पिंक कलर और डेनिम लुक

इन दिनों शादियां, विंटर पार्टीज की तैयारियों के बीच आप अपने लिए ऐसी ड्रेस की प्लानिंग जरूर कर रहे होंगे जो आपको परफेक्ट लुक दे सके। देश के टॉप डिजाइनर्स की सलाह आपके फैशन सेंस को परफेक्ट बनाने में मदद करेगी।

सिंगल लेयर्ड हो या डबल लेयर वाले टेलर्ड सूट आपकी पर्सनालिटी को निखारने में मदद करेंगे। सही फिटिंग वाले ये सूट टाई और बेल्ट के साथ आपको कूल लुक देंगे। सूट के साथ डिफरेंट प्रिंट के शर्ट भी फैशन में इन हैं।

इस मौसम में शादियों के लिए वेल्वेट के साथ अलग-अलग प्रयोग कर आप महफिल की शान बन सकती हैं। इसके लिए आप डार्क कलर्स और ज्वेल टोन चुनें। आपकेलिए लेयर्ड आउटफिट्स और कपड़ों पर की गई हेवी एंब्रॉयडरी भी उपयुक्त है।

मेंस फैशन में पिंक के साथ अलग-अलग प्रयोग करें। आप अपनी पसंद के अनुसार लाइट या डार्क पिंक के साथ डिफरेंट बॉटम की पेयरिंग कर सकते हैं। हालांकि पिंक को महिलाएं अधिक पसंद करती हैं। लेकिन यही वह कलर है जिससे पुरुष भी ग्रेसफुल लुक पा सकते हैं।

क्लासिक लुक के लिए व्हाइट शर्ट की इंडिगो डेनिम के साथ पेयरिंग अच्छी लगती है। इस मौसम में मोनोक्रोम लुक अवॉयड करें तो अच्छा है। आप वेस्टर्नवियर में डिजाइनर आउटफिट्स पहनकर कूल लुक पा सकते हैं। हालांकि नए प्रयोग आप पर खूब जंचेंगे।



## यंगस्टर्स फॉलो करें ये नेल आर्ट स्टाइल, छाया जलवा

फैशन इंडस्ट्री में कुछ स्टाइल ऐसे होते हैं, जो कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होते। जैसे, पोलका डॉट प्रिंट का फैशन भी कभी पुराना नहीं होता। कुछ लोग इस फैशन पोलका डॉट को बॉबी प्रिंट भी कहते हैं। आपने अगर पोलका ड्रेसेस कैरी की है, तो अब वक्त है पोलका डॉट नेल आर्ट को फॉलो करने का। आप इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं-

### फ्री हैंड पोलका डॉट

आप कोई भी मैट नेल पेंट के साथ मीडियम साइज के पोलका डॉट प्रिंट बना सकती हैं।

### हॉफ मून स्टाइल

आप अगर कुछ अलग करना चाहती हैं, तो आधे चंद्रमा के आकार के हाफ पोलका स्टाइल भी क्रिएट कर सकती हैं।

### ब्लैक एंड वाइट का जलवा

आप ब्लैक नेल पेंट पर वाइट कलर के पोलका डॉट भी क्रिएट कर सकती हैं। वहीं अगर आपका मन ब्लैक पोलका डॉट बनाने का है, तो आप कोई लाइट शेड पर यह प्रिंट ट्राई कर सकती हैं।

**सजावट**


बंगलों से लेकर घरों में राजसी अंदाज वाले सिल्क और वेल्वेट के भारी-भरकम पर्दों की जगह इन दिनों सिल्क-साटिन और कॉटन-पॉलिएस्टर जैसे हल्के मिश्रित फैब्रिक से बने आकर्षक रंगों वाले पर्दों ने ले ली है। जानकारों की मानें तो यह चलन छोटे होते घरों की देन है।

# आशियाने की शान आकर्षक पर्दें

आपने थिएटर में शो के पर्दे को उठते हुए जरूर देखा होगा। उस एक पल में दर्शकों के मन में उसके पीछे के नजारे को लेकर जैसी ललक होती है, कुछ वैसी ही ललक आपके घर के प्रवेश द्वार का पर्दा उठाने से पहले भी लोगों के मन में होती है। अगर पर्दा इंटीरियर को कॉम्प्लिमेंट नहीं करता है, तो हो सकता है कि बहुत अच्छा होने के बावजूद आपके घर का इंटीरियर मेहमानों को प्रभावित न कर पाए। इसीलिए पर्दा ऐसा होना चाहिए, जो आपके घर के इंटीरियर के अनुरूप हो और आगंतुकों की दिलचस्पी का पारा और ऊपर चढ़ा दे। इसके लिए जरूरी है पर्दे से जुड़े हालिया ट्रेंड्स से आपका वाकिफ होना। तो चलिए इस बारे में बात करते हैं।



## चलन में हैं मिले-जुले फैब्रिक



भारतीय इंटीरियर बाजार में लंबे समय तक ब्रिटिश शैली के सिल्क और वेल्वेट से बने भारी पर्दों का बोलबाला रहा। इन्हें राजसी अंदाज में ड्रेप किया जाता था। लेकिन इस सीजन ट्रेंड ने दूसरी करवट ली है और ये चलन से बाहर हो गए हैं। छोटे होते घर और कंटेंपरेरी मूड वाले इंटीरियर का बोलबाला बढ़ने के साथ ही मिले-जुले फैब्रिक अब सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। सिल्क-साटिन, कॉटन-साटिन, कॉटन-पालिस्टर, सिल्क-पॉलिस्टर जैसे मिश्रित फैब्रिक से बने पर्दे आपको हर तीसरे घर में लहराते नजर आ जाएंगे। साथ ही ऑरगेंजा फैब्रिक से बने पारदर्शी पर्दे भी काफी पसंद किए जा रहे हैं।

## पसंद आ रहे हल्के रंग

अगर आपका घर छोटा है तो गहरे रंग के पर्दे लगाने से आपको बचना चाहिए। वैसे भी, आजकल खुशनुमा लेकिन हल्के रंग सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। लेमन ग्रीन, बेबी पिंक, स्काई ब्लू जैसे रंगों के पर्दों आपके घर को बड़ा दिखाने में मदद करेंगे। इसके अलावा पारदर्शी पर्दे भी आपके घर के इंटीरियर को खूबसूरत दर्शाएंगे। वहीं अगर आपका घर बड़ा है, तो आप हल्के और गहरे रंगों के पर्दों का कॉम्बिनेशन बना सकते हैं।

## कुछ प्रिंटेड, कुछ प्लेन

अगर आपके घर का फर्नीचर किसी एक रंग का है, तो आप प्रिंटेड या टेक्सचर वाले पर्दों का चयन कर सकते हैं। वहीं अगर घर का फर्नीचर प्रिंटेड या टेक्सचर युक्त है, तो किसी एक रंग के पर्दों का चयन ही ठीक रहेगा। जहां प्रिंट्स में टेलीफोन, गौरैया या ज्योमेट्रिकल डिजाइन आदि पसंद किए जा रहे हैं, वहीं टेक्सचर्स में फूलों की बेल बूटियों, धारियों और थ्री-डी लुक का बोलबाला है। इसी तरह एक बड़ा ट्रेंड जो आजकल देखने में आ रहा है, वह है प्रिंटेड और प्लेन पर्दों का कॉम्बिनेशन।



## सजावट के साथ निजता भी

अगर आपको किसी कमरे में प्राइवेसी की जरूरत है तो वहां लाइनिंग वाले पर्दे लगाने चाहिए। वहीं घर में हल्की रोशनी पाना चाहते हैं तो पारदर्शी पर्दे खरीद सकते हैं। लाइनिंग वाले पर्दे महंगे आते हैं, पर इनके अपने फायदे हैं। ये पर्दों को नुकसान से बचाते हैं। अगर आप चाहते हैं कि पर्दे ज्यादा दिनों तक चलें तो लाइनिंग और इंटरलाइनिंग (तौलिये के फैब्रिक से बनी लाइनिंग, जो लाइनिंग फैब्रिक और मुख्य फैब्रिक के बीच सिली गई होती है) वाले पर्दों का चयन कर सकती हैं।

## मौसम के हिसाब से चयन

इन दिनों बहुत सारे लोग मौसम के हिसाब से भी पर्दे बदलते हैं। अगर आप भी अपने घर के इंटीरियर डेकोर को लेकर इतने जागरूक हैं, तो ऐसा कर सकते हैं। जहां गर्मी के मौसम में धूप को घर के अंदर आने से रोकने के लिए सख्त फैब्रिक्स से बने पर्दों का चयन ठीक रहता है, वहीं सर्दी के मौसम में धूप को आसानी से अंदर आने देने वाले पारदर्शी पर्दे ठीक रहते हैं।

## कितना लंबा हो पर्दा

पर्दों का चयन करते समय उनकी लंबाई जरूरत से ज्यादा कम या बड़ी हो जाना एक आम समस्या है। ऐसा न हो, इसके लिए पर्दे खरीदने जाने से पहले घर के दरवाजे या खिड़की की लंबाई अच्छी तरह नाप लें। अगर रॉड में पर्दे का कुछ हिस्सा मुड़ता है तो उसका भी अंदाजा ले लें। चाहें तो घर का पर्दा जमीन को छूता हुआ हो सकता है या जमीन की सतह से कुछ इंच ज्यादा लंबा भी हो सकता है। पर जमीन की सतह से छोटे पर्दों का चलन आजकल नहीं है। यहां तक कि खिड़की के पर्दे भी अगर जमीन तक की लंबाई वाले हों तो वे ज्यादा अच्छे लगेंगे।

## कीमत

आजकल पर्दे 350 रुपए से 3000 रुपए की रेंज में आसानी से मिल जाते हैं। ऐसे में बजट का ध्यान रखते हुए बेहतरीन डिजाइन और आकर्षक रंगों वाले पर्दों का चयन किया जा सकता है।

## साड़ी के पर्दे



अगर आपके पास कोई पुरानी वाइब्रेंट कलर की साड़ी है, जिसे आप पहनती नहीं हैं, तो आप उसमें भी कुछ प्रयोग कर नए डिजाइन के पर्दा बनवा सकती हैं। इससे पुरानी साड़ी का अच्छा उपयोग हो जाएगा और इंटीरियर को भी नया लुक मिलेगा।


## समय पर सफाई जरूरी

- पर्दों को समय-समय पर साफ करते रहें। सफाई का तरीका फैब्रिक के प्रकार को ध्यान में रखकर तय किया जाना चाहिए।
- कई फैब्रिक्स की सफाई केवल ड्राई क्लीन के जरिये ही संभव होती है। इन्हें घर में धोने की कोशिश न करें।
- अगर आसान रख-रखाव वाले पर्दों का चयन करना हो तो कॉटन व कॉटन मिश्रित फैब्रिक्स से बने पर्दे लेने चाहिए।
- कॉटन या कॉटन मिश्रित फैब्रिक्स को बिना प्रेस किए कभी इस्तेमाल नहीं करना चहिए।

**मेल सेल्फ केयर प्रोडक्ट्स**

# हर पुरुष को अप्लाई करने चाहिए ये ब्यूटी प्रोडक्ट, छा जाएंगे आप

हर वर्किंग मेल को अपनी सेल्फ केयर किट में कुछ ब्यूटी प्रोडक्ट्स को जरूर रखना चाहिए... क्योंकि आकर्षक दिखने पर सिर्फ महिलाओं का हक नहीं है। जब भी ब्यूटी की बात की जाती है तो इसका सीधा-सा संबंध सिर्फ महिलाओं से मान लिया जाता है। जबकि ऐसा भी नहीं है। यंग जनरेशन लुक्स पर काफी ध्यान देती है। आमतौर पर लड़के बाथ सोप से ही फेस वॉश कर लेते हैं। लेकिन ऐसा बिल्कुल ना करें। फेस वॉश में अलग-अलग स्किन टाइप को ध्यान में रखकर इंग्रीडिऐंट्स का इस्तेमाल किया जाता है। ताकि स्किन को उसकी जरूरत के अनुसार पोषण और सफाई मिल सके।



## आफ्टर शेव बाम

पुरुषों को शेव करने के तुरंत बाद आफ्टर शेव बाम जरूर अप्लाई करना चाहिए। फिर चाहे आप कुछ मिनट बाद ही नहाने क्यों ना जा रहे हों। क्योंकि आफ्टर शेव बाम आपकी स्किन पर रैशेज, कट्स और ड्राइनेस होने से रोकता है। यह इरिटेशन रोकने में भी मददगार होता है।



## मॉइश्चराइजर

नहाने के बाद रेडी होते समय अपनी स्किन को मॉइश्चराइजर का पोषण जरूर दें। ताकि स्किन रूखी ना रहे। ऐसा नहीं है कि मॉइश्चराइजर खूबसूरत दिखने के लिए लगाया जाता है बल्कि सर्दियों के मौसम में स्किन की ड्राइनेस के कारण खुजली ना हो इसलिए भी मॉइश्चराइजर लगाना पड़ता है।

## बीबी क्रीम

किसी फंक्शन, ऑफिस मीटिंग, पार्टी में जाने से पहल पुरुषों को अपने चेहरे पर बीबी क्रीम अप्लाई करनी चाहिए। यह चेहरे की अनइवनिंग टोन कवर करने के साथ ही पिंपल्स और स्पॉट्स छिपाने में भी मददगार है। आर्टिफिशल लाइटिंग यानी नाइट पार्टीज के दौरान यह आपके लुक को कई गुना आकर्षित बनाने का काम कर सकती है।

## लिप बाम

सर्दियों में तो खासतौर पर लिप बाम का इस्तेमाल करना चाहिए। अगर आपको लगता है कि इसकी आपको कोई जरूरत नहीं है तो आप पूरी तरह गलत हैं। क्योंकि लिप्स का स्मूद दिखना आपके पूरे चेहरे के इंप्रेशन को बढ़ाता है। हमारी स्माइल ही हमारे बारे में बहुत कुछ कहती है। अगर फटे होठों के कारण आप मुस्कुरा भी ना पाएं तो यह आपके इंप्रेशन को डाउन करने वाली स्थिति हो सकती है।

## फ्रेग्रेंस

मेल्स में बॉडी ऑर्डर की समस्या महिलाओं की अपेक्षा कहीं अधिक होती है। इसलिए जिस बैग को आप हर समय अपने साथ रखते हैं, उसमें एक पर्फ्यूम बॉटल जरूर रखें। आपको बता दें कि आपकी सहूलियत को ध्यान में रखते हुए कई कंपनीज ने अपनी पॉकिट पर्फ्यूम रेंज लॉन्च की है।

**भूल जाएंगे महंगे प्रोडक्ट, चेहरे के निखार के लिए नेचुरल चीजों का इस्तेमाल भी जरूरी**

# चावल के फेस पैक से चेहरे पर दिखेगा निखार



क्या आप अपनी स्किन को निखारने के लिए कई महंगे प्रोडक्ट यूज करते हैं? अगर आपका जवाब हां है, तो आप इन प्रोडक्ट की जगह नेचुरल चीजों का इस्तेमाल शुरू कर दें, क्योंकि नेचुरल चीजों की सबसे खास बात यह होती है कि इसके साइड इफेक्ट नहीं होते या आमतौर पर न के बराबर होते हैं। आज हम आपको चावले के दो ऐसे घरेलू उपाय बताएंगे, जिसे आपकी स्किन पर प्राकृतिक रूप से निखार आएगा।

## चावल का फैसपैक

एक बोल में दो टी-स्पून चावल का आटा लें और इसमें चार चम्मच गुलाब जल मिलाएं। अब इसमें एक टी-स्पून पिघला हुआ घी मिलाएं। इसे अच्छे से मिक्स करें और पैक को डाउन स्ट्रोक के साथ चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट पर इसे हल्के गरम पानी से धो लें। इस पैक से स्किन की ड्राइनेस की समस्या दूर हो जाएगी और स्किन का निखार बढ़ जाएगा।

## टेनिंग दूर करेगा टमाटर

एक टमाटर को कद्दूकस कर लें और उसके जूस को छान लें। इस रस में एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। यह मिक्स थोड़ा गाढ़ा बनेगा। इसे चेहरे पर 15-20 मिनट लगा रहने दें और फिर चेहरा साफ कर लें। इससे चेहरा साफ दिखने लगेगा। फेस धोने के बाद चाहे, तो चावल का पानी बतौर टोनर लगा सकते हैं, जो रंगत को और निखारेगा।

**बेस्ट ऑप्शन**

# ईवनिंग ड्रेस को रॉयल लुक देगी केप, इन नए तरीकों को अपनाएं

शादी पार्टी में सिंपल लुक में स्टाइलिश नजर आना है तो केप का ऑप्शन बेस्ट है। केप आपकी अपर बॉडी को कवर करने का बेहतरीन ऑप्शन है। इसे शियर, लेस, ब्रोकेड जैसे फैब्रिक में पसंद किया जा रहा है। इसे ट्रेडिशनल से वेस्टर्न ड्रेसेस में कैरी किया जा सकता है। आप कुछ इस तरह कैप कैरी कर सकते हैं।




## कुर्ता



फुल लेंथ केप स्टाइल पसंद करने वाली गर्ल्स इस तरह के डिजाइनर कुर्ते अपने लिए चुन सकती हैं। इसके लिए आप प्लेन कुर्ता सिलवा लें। इसके ऊपर शिफॉन, जॉर्जेट, ब्रोकेड या नेट से बना केप पहनें। इस तरह आप कम कीमत में भी एक पार्टी वियर ड्रेस डिजाइन कर अपना लुक बढ़ा सकती हैं।

## टॉप



फुशिया पिंक ऑर्गेंजा केप स्टाइल टॉप के साथ धोती की पेयरिंग बेहतरीन ईवनिंग ड्रेस है। अगर आप डार्क कलर पसंद नहीं करतीं तो पेस्टल शेड ट्राय करें। केप स्टाइल टॉप के साथ स्कर्ट भी अच्छे लगते हैं। अपने पैरों को गोल्डन या मैटेलिक जैसे डिजाइनर फुटवियर से सजाकर अधिक आर्कषक बनाया जा सकता है।

## पर्पल गाउन



विंटर की सर्द हवाओं के बीच पर्पल जैसे डार्क शेड गाउन में भी खूब पसंद किए जाते हैं। इसकी स्लीव्स को पर्पल कलर के शिफॉन या नेट से बनी केप स्टाइल से सजाया जा सकता है। साथ में अमेरिकन डायमंड की ज्वेलरी आपको सूट करेगी। गाउन की बॉर्डर को भी फंक्शन के अनुरूप सजाकर हेवी लुक दिया जा सकता है। इस पर ड्रेस से मैच करती हुई एंब्रॉयडरी करें या गोटा-पट्टी से सजा लें।

## स्लीव्स में केप



लहंगा चोली में केप स्टाइल स्लीव्स भी चलन में हैं। अगर आप नेक को केप से सजाना पसंद नहीं करतीं तो कोई बात नहीं। स्लीव्स में केप स्टाइल भी आपके लिए उपयुक्त होगी। इस समय स्लीव्स की यह स्टाइल ऑन डिमांड है। स्लीव्स को केप से कवर करना इंडियन ब्राइड्स के साथ-साथ उसकी सहेलियों को भी खूब भाता है। अगर आप इसे ईवनिंग ड्रेस के तौर पर पहन रही हैं तो सॉफ्ट फैब्रिक का चयन करें। इस तरह के महीन केप को आप बस्टी ब्लाउज के ऊपर से पहनें, लहंगे के साथ यह परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. के लिए प्रकाशक/मुद्रक- **किशोर वाधवानी** द्वारा मिशन मिडिया प्राईवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ भवन, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं अविनाश मेग्नेटो मॉल, तीसरी मंजिल, एसओ-03, लभांडी विशालनगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। **प्रधान संपादक-** किशोर वाधवानी। **स्थानीय संपादक-** आनंद प्रकाश*। फोन-0771-4919400, आर.एन.आई. नं. CHHHIN/2013/51161, इंटरनेट संस्करण http://www.dabangdunia.co.in। डाक पंजीयन छ.ग./रायपुर संभाग/79/2015-17 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Scanned with OKEN Scanner